दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 42 जयपुर, शनिवार, 20 जनवरी, 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष- दशमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


**जरूरी खबर**

### SC में बिलकिस के 11 दोषियों की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो गैंगरेप मामले के 11 दोषियों के सरेंडर की अवधि बढ़ाने की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुईयां की बेंच ने कहा कि दोषियों ने सरेंडर के लिए समय बढ़ाने के जो कारण बताए हैं, उनमें दम नहीं है। इन सभी को दो दिन में सरेंडर करने के निर्देश दिए गए हैं। इन दोषियों ने अलग-अलग कारण बताकर सरेंडर की तारीख बढ़ाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस से गैंगरेप के दोषियों को समय से पहले रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था।

### जापान के मून स्नाइपर ने की चांद पर सफल लैंडिंग



**टोक्यो।** जापान का मून मिशन स्नाइपर ने चांद की सतह पर सफलतापूर्वक लैंड कर लिया है। जापान की स्पेस एजेंसी JAXA ने बीते साल 7 सितंबर को अपने स्नाइपर को चांद के लिए रवाना किया था। 4 महीने से ज्यादा की यात्रा के बाद यह मून स्नाइपर ने स्लिम मिशन के तहत चांद पर लैंडिंग की है। जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवा देश बन गया है। भारत के सफल चंद्रयान मिशन के बाद जापान ने अंतरिक्ष में इतिहास रचा है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**राम भक्तों के लिए खुशखबरी:** एक फरवरी से सप्ताह में चार दिन जयपुर से उड़ान भरेगा स्पाइसजेट का विमान

# रामलला के दर्शनों के लिए अब जयपुर-अयोध्या फ्लाइट

बेधड़क | जयपुर

अयोध्या में 22 तारीख को रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में उत्साह है। इसी कड़ी में जयपुर से अयोध्या जाने के लिए यात्रियों के लिए सुखद खबर आई है। स्पाइसजेट एयरलाइंस की ओर से जयपुर से अयोध्या के बीच सीधी फ्लाइट उड़ाने का फैसला किया है। जयपुर एयरपोर्ट से यह विमान सप्ताह में चार दिन उड़ान भरेगा तथा महज पौने दो घंटे में अयोध्या पहुंचेगा। स्पाइसजेट की यह सीधी फ्लाइट 1 फरवरी से शुरू होगी। यह सप्ताह में चार दिन मंगलवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को उड़ान भरेगी। गौरतलब है कि जयपुर से अयोध्या के लिए अब तक कोई भी सीधी फ्लाइट नहीं थी। हालांकि जयपुर से रोजाना स्पाइसजेट की वाराणसी और इंडिगो एयरलाइंस की लखनऊ के लिए सीधी फ्लाइट है।




### महज पौने दो घंटे में विमान जयपुर से पहुंचेगा अयोध्या

स्पाइस जेट की फ्लाइट संख्या SG-3421 सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर जयपुर से अयोध्या के लिए रवाना होगी। जो सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर अयोध्या लैंड करेगी। जबकि स्पाइसजेट की फ्लाइट संख्या SG-3426 दोपहर 3 बजकर 45 मिनट पर अयोध्या से उड़ान भरेगी। जो शाम 5 बजकर 30 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड करेगी।

### किराया अभी तय नहीं

जयपुर से अयोध्या के लिए इससे पहले कोई फ्लाइट नहीं थी। जयपुर से लखनऊ जाने के बाद यात्री अयोध्या पहुंचते थे। हालांकि, अभी जयपुर से अयोध्या के लिए जाने वाली फ्लाइट का किराया तय नहीं किया गया है।

### सूरत जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान होगी बंद

अयोध्या के लिए फ्लाइट शुरू होने के साथ ही स्पाइसजेट द्वारा जयपुर से सूरत जाने वाली फ्लाइट को बंद कर दिया जाएगा। क्योंकि जो फ्लाइट अब तक जयपुर से सूरत और सूरत से जयपुर उड़ान भर रही थी, वहीं फ्लाइट अब अयोध्या और जयपुर के लिए उड़ान भरेगी। पहले 10 फरवरी से जयपुर से अयोध्या जाने की तैयारी की गई थी, लेकिन जिस तरीके से लोगों में अयोध्या जाने का क्रेज देखा गया, इसलिए फरवरी की शुरुआत से ही उसे उड़ाने का निर्णय लिया गया है।

**विधानसभा का पहला सत्र:** अभिभाषण में बोले राज्यपाल

# 'चिरंजीवी योजना' केवल वाहवाही लूटने की स्कीम

**मिश्र बोले... पिछली सरकार की योजनाओं को नहीं किया जाएगा बंद**

### डोटासरा ने कहा... दिल्ली से छपकर आया राज्यपाल का अभिभाषण

### 44 मिनट के अभिभाषण में भजनलाल सरकार की भावी योजनाओं पर किया फोकस

### अभिभाषण के बीच आरएलपी विधायक ने किया हंगामा



बेधड़क | जयपुर

16वीं विधानसभा के सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से हुई। राज्यपाल कलराज मिश्र ने अपने अभिभाषण में पिछली गहलोत सरकार की अंग्रेजी मीडियम स्कूल, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा और रिफाइनरी जैसी योजनाओं को समीक्षा के दायरे में लाकर उन्हें नए सिरे से लागू करने की बात कही। हालांकि पिछली सरकार की किसी भी प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद नहीं करने की बात भी राज्यपाल ने कही। इससे पूर्व विधानसभा पहुंचे राज्यपाल का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मुख्य सचिव सुधांश पंत व संसदीय कार्य मंत्री जोगेश्वर गर्ग ने स्वागत किया। इसके बाद शुरू हुए अभिभाषण में राज्यपाल कलराज मिश्र ने गहलोत सरकार की चिरंजीवी योजना को लेकर कहा कि ये केवल वाहवाही लूटने की स्कीम थी। अब भजनलाल सरकार इस योजना को लेकर समीक्षा करेगी। राज्यपाल ने कहा कि पिछली सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा।

### कांग्रेस सरकार की नीतियों और वित्तीय प्रबंधन की आलोचना

राज्यपाल कलराज मिश्र ने पिछली सरकार की नीतियों और वित्तीय प्रबंधन की आलोचना की, साथ ही लगभग सभी बड़ी योजनाओं को भी समीक्षा के दायरे में लाने की बात कही। राज्यपाल ने अपने 44 मिनट के अभिभाषण में कहा कि पिछले 5 साल में राज्य का कर्ज 2 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ा है। इससे प्रति व्यक्ति कर्ज करीब 70 हजार रुपए तक पहुंच गया है। अभिभाषण के दौरान आरएलपी विधायक हनुमान बेनीवाल ने आरपीएससी को भंग करने की मांग उठाते हुए हंगामा किया।

### स्वागत...



राज्यपाल कलराज मिश्र का विधानसभा पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने स्वागत किया।

### तीन नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

16वीं राजस्थान विधानसभा में तीन नवनिर्वाचित विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नवनिर्वाचित विधायक जगतसिंह (नदबई), महेंद्रजीत सिंह मालवीय (बागीदौरा) और रुपिंदर सिंह कुन्नर (करणपुर) को सदस्यता की शपथ दिलाई।

**राज्यपाल ने दिल्ली से छपकर आए अभिभाषण को पढ़ा: डोटासरा:** विधानसभा में शुक्रवार को राज्यपाल कलराज मिश्र के अभिभाषण को लेकर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने हुआ। पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राज्यपाल ने संवैधानिक परम्पराओं और अपने पद का मान-सम्मान नहीं रखा। राज्यपाल ने दिल्ली से पर्ची सरकार के लिए जो छपकर आया, उसे पढ़ दिया।

**अभिभाषण में सच्चाई की बयां : बेढ़म:** इसके जवाब में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि राज्यपाल कलराज मिश्र ने अभिभाषण में सच्चाई बयां की है। पिछली सरकार में जिस तरह से आमजन पर अत्याचार बढ़ें, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण चरम सीमा पर था। कांग्रेस सरकार ने जनता को गुमराह करने के अलावा कुछ और नहीं किया। कांग्रेस की आदत है कि वह हमेशा अपने काले कारनामों को ढकने का प्रयास करती है।

**पीटीआई भर्ती परीक्षा में धांधली**

# अब एसओजी करेगी मामले का खुलासा

**सांगानेर थाने में कर्मचारी चयन बोर्ड ने दर्ज कराई थी एफआईआर**


'सच बेधड़क' की पड़ताल में बड़ा खुलासा
PTI भर्ती-2022 में दर्ज FIR की खोली परत-दर-परत
RSSB परीक्षा में डमी कैंडिडेट्स ने दी परीक्षा
सच बेधड़क

13 जनवरी 2024 को प्रकाशित

### सच बेधड़क के खुलासे के बाद एसआईटी ने क्राइम ब्रांच और डीजीपी को जांच के लिए लिखा था पत्र

### एसओजी की प्रदेशभर में छापेमारी

एसओजी ने आगामी होने वाली भर्ती परीक्षाओं को लेकर सख्ती करना शुरू कर दिया। प्रदेश में शुक्रवार को एसओजी के अधिकारियों ने अलग-अलग टीमें बनाकर पेपर लीक, डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले गैंग के संदिग्धों के ठिकानों पर छापेमारी की। एसओजी ने एक दर्जन से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

बेधड़क | जयपुर


कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर वर्ष 2022 में हुई पीटीआई परीक्षा में असली अभ्यर्थियों की जगह डमी अभ्यर्थी बैठकर परीक्षा देने के मामले की जांच अब एसओजी करेगी। बोर्ड ने माना था कि कुछ अभ्यर्थियों की जगह डमी अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे थे, लेकिन वे परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हुए थे।

सच बेधड़क की पड़ताल में सामने आया कि डमी अभ्यर्थियों ने जिन असली अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा दी थी, वे परीक्षा उत्तीर्ण में हो गए थे और उन्होंने पीटीआई के पद पर ज्वॉइन कर लिया। बोर्ड द्वारा केवल एफआईआर दर्ज करके मामले को दबाया जा रहा था। इस पर सच बेधड़क ने खबर को प्रमुखता से उठाया और मामले को खुलासा किया। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर गठित पेपर लीक मामलों के लिए गठित एसआईटी के एडीजी वीके सिंह ने संज्ञान लिया। मामले के खुलासे के बाद वीके सिंह ने इस प्रकरण की जांच एसओजी से कराने के लिए क्राइम ब्रांच को पत्र लिखा था। क्राइम ब्रांच के एडीजी दिनेश एमएन व डीजीपी यूआर साहू ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण की जांच एसओजी से कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आदेश जारी हो गए।

गौरतलब है कि अक्टूबर माह में कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से इस मामले में सांगानेर थाने में मामला दर्ज कराया था, लेकिन दो माह बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

**मौसम:** जयपुर में न्यूनतम तापमान 5.4⁰

# माउंट आबू में पारा माइनस एक डिग्री सेल्सियस दर्ज



**जयपुर।** प्रदेश में सर्दी के तीखे तेवर बने हुए हैं। कोहरे और शीतलहर के कारण कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। माउंट आबू में पारा माइनस एक डिग्री सेल्सियस रहा। आबू के अलावा प्रदेश में दूसरा सबसे ठंडा शहर बीकानेर रहा, जहां का न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में शुक्रवार को न्यूनतम पारा 5.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसके अलावा पिलानी में 4.1, चूरू में 4.6, भीलवाड़ा में 6.8 और अजमेर में न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अलवर जिले के मूंडावर में सर्दी के कारण एक किसान की मौत हो गई। मौसम केंद्र जयपुर ने प्रदेश में 21 जनवरी तक कोहरे और कोल्ड-वेव का असर रहने का अलर्ट जारी किया है।

**जयपुर में भ्रष्टाचारियों पर दो बड़ी कार्रवाई**

# मत्स्य विभाग और CGST के अफसरों सहित 4 को दबोचा, एक की तलाश

- CBI ने 10 लाख की घूस लेते CGST के इंस्पेक्टर और दलाल को दबोचा, IRS पायल फरार
- लाइसेंस देने की एवज में रिश्वत लेते दो अफसरों को एसीबी ने किया गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

जयपुर में शुक्रवार को भ्रष्टाचारियों की धरपकड़ में दो बड़ी कार्रवाई हुई। पहली कार्रवाई एसीबी ने तथा दूसरी कार्रवाई सीबीआई ने की। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने शुक्रवार रात मत्स्य विभाग के डायरेक्टर (आईएएस) प्रेमसुख बिश्नोई और एडिशनल डायरेक्टर राकेश देव को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा। जयपुर एसीबी टीम ने दोनों अफसरों को टोंक रोड स्थित कार्यालय से गिरफ्तार किया। दोनों अधिकारियों को पूछताछ के लिए एसीबी दफ्तर ले जाया गया।

एसीबी अधिकारियों ने बताया कि परिवादी ने अगस्त में टोंक में फिश फार्मिंग के लिए टेंडर लिया था। नवंबर में लाइसेंस के लिए डिमांड की, लेकिन लाइसेंस नहीं दिया। इसके बाद वह लाइसेंस के लिए कई बार चक्कर लगा चुका था। उसे कहा गया कि एक लाख रुपए की व्यवस्था करो। इस पर परिवादी ने गुरुवार को एसीबी से संपर्क किया। गुरुवार को ही वेरिफिकेशन कराया गया। इसके बाद सूचना कंफर्म हो गई।



प्रेमसुख बिश्नोई

### अफसरों के ठिकानों पर सर्च की कार्रवाई जारी

एडिशनल डायरेक्टर राकेश देव को शुक्रवार को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया। राकेश देव ने यह पैसा डायरेक्टर के कहने पर लिया था। इसलिए डायरेक्टर को भी ट्रैप किया गया। एसीबी के पास दोनों ही अधिकारियों के खिलाफ पुख्ता सबूत है। एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि आईएएस प्रेम सुख बिश्नोई और एडिशनल डायरेक्टर राकेश देव के ठिकानों पर भी सर्च की जा रही है। दोनों के घर और अन्य ठिकानों पर सर्च में कुछ मिल सकता है।

## CBI: घूसखोरी में इंस्पेक्टर व दलाल अरेस्ट

बेधड़क | जयपुर

सीबीआई ने जयपुर में 10 लाख रुपए रिश्वतखोरी मामले में स्टेट जीएसटी निरीक्षक सहित दो जनों को गिरफ्तार किया है। तीसरा आरोपी आईआरएस संदीप पायल फरार है। यह कार्रवाई राजधानी जयपुर में हुई। सीबीआई ने दस लाख रुपए की घूसखोरी में सीजीएसटी इंस्पेक्टर अंकित असवाल व दलाल रूपलक्ष्मी ज्वैलर्स के मालिक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक जोधपुर के चंपालाल सोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इंस्पेक्टर अंकित असवाल ने 24 दिसंबर 2021 को उनके घर पर तलाशी ली थी। बाद में गिरफ्तारी का भय दिखाकर मामला रफा दफा करने के लिए रिश्वत मांगी। उसने फोन कर कहा कि आईआरएस संदीप पायल से बात हो गई है। असवाल ने चंपालाल को रिश्वत के दस लाख रुपए रूपलक्ष्मी ज्वैलर्स के यहां पहुंचाने को कहा। सीबीआई ने शिकायत मिलने के बाद ट्रैप बिछाया एवं मध्यस्थ व्यक्ति को वर्तमान में निवारक अधिकारी अंकित असवाल को दलाल के साथ 10 लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़ा। आईआरएस संदीप पायल अभी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष अदालत, सीबीआई, जोधपुर के समक्ष पेश किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### कल मतदाता सूची में नाम जोड़ने का विशेष अभियान




**बेधड़क.जयपुर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एकीकृत फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जा चुका है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि प्रारूप पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए रविवार को मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत बीएलओ पूरे दिन मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

### किशनगंज-अजमेर एक्सप्रेस में बढ़ाए दो अतिरिक्त डिब्बे



**बेधड़क.जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए किशनगंज-अजमेर-किशनगंज एक्सप्रेस में 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी करने का फैसला लिया है। गाड़ी संख्या 15715/15716, किशनगंज -अजमेर-किशनगंज एक्सप्रेस रेलसेवा में किशनगंज से 21 जनवरी से 30 अप्रैल तक दो द्वितीय श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जाएगी। जबकि अजमेर से 23 जनवरी से 2 मई तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढ़ोतरी होगी।

### शिक्षक संघ का सम्मेलन, तबादला नीति पर जोर




**बेधड़क, जयपुर।** अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ(अरस्तु) का दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन रा उ मा वि किशनगढ़बास अलवर में शुरू हुआ। सम्मेलन में जयपुर जिले से भी बड़ी संख्या में सम्मेलन में शामिल होने के लिए शिक्षक पहुंचे। अरस्तु के प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल ने मांग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी की इच्छा के अनुसार प्रदेश की सरकार को शीघ्र तबादला नीति/नियम निर्धारण करना चाहिए। संगठन के मुख्य महामंत्री लाला राम सैनी एवं संगठन के प्रदेशप्रवक्ता देवकरण गुर्जर ने बताया कि सम्मेलन में शिक्षकों से चर्चा कर मांग पत्र तैयार किया जाएगा।

---

**जयपुर में सुबह 9 बजे तक नहीं निकली धूप,** गलन भरी सर्दी ने किया परेशान

# शीतलहर और कोहरे की चपेट में राजस्थान, अभी राहत नहीं

बेधड़क | जयपुर



प्रदेश में सर्दी अपने पूरे शवाब पर है। शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में कोहरा छाए रहने से सर्दी बढ़ गई। अब मौसम विभाग ने एक नया अलर्ट जारी करते हुए बताया कि आगामी 2 दिन प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप बढ़ेगा जिससे शहरों के न्यूनतम पारे में गिरावट देखी जा सकती है।

इधर शुक्रवार को भी जयपुर, बीकानेर और भरतपुर संभाग के अधिकांश जिले शीतलहर से प्रभावित रहे। बीकानेर में सीजन में शहर का सबसे कम तापमान रहा। कोहरे का सबसे ज्यादा असर बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं और चूरू के कुछ हिस्सों के अलावा अलवर, भरतपुर, दौसा, करौली, सवाई माधोपुर, धौलपुर और जयपुर-टोंक में भी रहा। जयपुर में सुबह 9 बजे तक कोहरा छाया रहा। उसके बाद आसमान धीरे-धीरे साफ होने लगा। हालांकि शाम होते होते सर्दी ने अपने तेवर दिखाने शुरु कर दिए। जयपुर के अलावा सीकर, चूरू, झुंझुनूं, टोंक, अजमेर समेत कई शहरों में शुक्रवार को शीतलहर का असर रहा। जयपुर में न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अजमेर में न्यूनतम तापमान 9.3, भीलवाड़ा में 6.8, पिलानी में 4.1 और चूरू में 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

#### 21 तक बदलाव नहीं

मौसम केंद्र जयपुर ने राज्य में 21 जनवरी तक कोहरे और कोल्ड-वेव का असर रहने का अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर और चूरू ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 22 जनवरी से इस तेज सर्दी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना जताई है। दूसरी ओर, माउंट आबू में तापमान माइनस एक डिग्री सेल्सियस रहा। यहां गुरुवार को न्यूनतम तापमान -2 डिग्री था। आबू के अलावा शुक्रवार को दूसरा सबसे ठंडा शहर बीकानेर रहा, जहां का न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस रहा। बीकानेर में सीजन की सबसे सर्द रात रही।

#### प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान

अजमेर में न्यूनतम तापमान 9.3, भीलवाड़ा 6.8, अलवर 5.8, जयपुर 5.4, पिलानी 4.1, सीकर 6.5, कोटा 10, चित्तौड़गढ़ 8, उदयपुर 9, धौलपुर 8, बारां 4.8, डूंगरपुर 11.8, सिरोही 5.7, फतेहपुर 3.1, करौली 7.3, बाड़मेर 8.8, पाली 7.8, जैसलमेर 5.6, जोधपुर 11.4, बीकानेर 2.4, चूरू 4.6, श्रीगंगानगर 5.9, हनुमानगढ़ 6.2, जालोर 11 और माउंट आबू -1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

#### किसानों को मौसम विभाग की सलाह

मौसम विभाग ने अगले हफ्ते तक मौसम साफ होने का अनुमान जताया है। ऐसे में इस हफ्ते किसानों को अपने फसलों की देखभाल करने और पाला से बचाने सलाह भी दी है। पाले की वजह फसलों को नुकसान होने की भी संभावना है। खासतौर पर उत्तरी और मध्य राजस्थान जिसमें श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू,सीकर और झुंझुनू जिले आते हैं, यहां बीते दिनों पारा 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है।

---

**लोकसभा चुनाव:** कांग्रेस व भाजपा रणनीति बनाने में जुटी

# कांग्रेस में मेनिफेस्टो समिति की बैठक... BJP ने लिया फीडबैक

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रदेश में कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दल तैयारियों में जुट गए है। दोनों ही पार्टी मुख्यालयों में पिछले एक सप्ताह से बैठकों का दौर चल रहा है। कांग्रेस मुख्यालय में पिछले दो दिन से चल रही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित कांग्रेस मेनिफेस्टो समिति की बैठक का शुक्रवार को अंतिम दिन रहा।

लोकसभा चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित कांग्रेस मेनिफेस्टो समिति के सदस्य तथा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने शुक्रवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, जयपुर पर लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र के लिए विभिन्न सामाजिक संगठन एवं सिविल सोसाइटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई तथा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा कर सुझाव आमंत्रित किए।

बैठक में कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा समाज के विभिन्न वर्गों से आए प्रतिनिधियों ने बैठक में अपने-अपने सुझाव प्रदान किए जिन पर सभी ने चर्चा की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा राजस्थान विधानसभा चुनाव में मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष रहे डॉ. सीपी जोशी भी शामिल हुए। इसी प्रकार एक दिन पूर्व भाजपा मुख्यालय में भी लोकसभा चुनावों को लेकर एक बैठक कर चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया गया।

**पीसीसी में चला चर्चा का दौर, घोषणा पत्र के लिए मांगे सुझाव**



**सुझावों पर गंभीरता से करेंगे विचार**

इस अवसर पर आनंद शर्मा ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के साथ युवा, महिला, सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे हैं, जिन्हें कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषणा पत्र बनाते समय गंभीरता के साथ विचार कर शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान, हरियाणा से बड़ी संख्या में युवा सेना में जाते हैं तथा अग्निवीर योजना के माध्यम से कच्ची नौकरी देने का विरोध पूरे देश में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल सिक्योरिटी सहित विभिन्न विषयों पर राजस्थान से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा धुआंधार प्रचार एवं मिथ्या विषयों के आधार पर वास्तविक मुद्दों को दबाया जा रहा है जिससे देश का भला होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जो भी आज सुझाव प्राप्त हुए हैं इन सब पर गंभीरता से मंथन कर राष्ट्रीय समिति के समक्ष चर्चा कर घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा।

---

**स्कूल शिक्षा सचिव** ने दिए निर्देश

## बोर्ड परीक्षार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए मिलेंगे प्रश्न बैंक



बेधड़क | जयपुर

10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन को लेकर शिक्षा विभाग नवाचार कर रहा है। इसके लिए राज्यस्तर पर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद से 'प्रश्न बैंक' प्रिंट कराकर सभी जिलों में विद्यालयों तक पहुंचाए जाएंगे।

स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने शुक्रवार को राज्य स्तरीय वीसी में प्रदेश के शिक्षा अधिकारियों और स्कूलों के संस्था प्रधानों को यह निर्देश दिए। प्रश्न बैंक के पहुंचते ही विद्यार्थियों तक समय पर वितरण करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही विद्यार्थियों की तैयारी में अतिरिक्त मदद के लिए मिशन ज्ञान के साथ समन्वय कर रिवीजन क्लासेज भी शुरू करने को कहा। कई जिलों में स्कूलों और अध्यापकों के स्तर पर ऐसे 'प्रश्न बैंक' तैयार कर विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रेरणा लेने को कहा। शासन सचिव ने बताया कि कई राज्यों में टीचर्स एवं स्टूडेंट्स की ऑनलाइन अटेंडेंस अनिवार्य की जा चुकी है। प्रदेश में भी स्कूल अटेंडेंस सिस्टम, स्कूल विजिट मॉड्यूल, एनीमिया उन्मूलन प्रोग्राम और अन्य कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट की एंट्री समय पर सुनिश्चित करने को कहा। जैन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 'प्रेरणा प्रोग्राम' के लिए सभी जिलों में विद्यालयों और विद्यार्थियों का चयन करते हुए कॉम्पीटिशन के माध्यम से उनका चयन करने के बारे में भी निर्देश दिए। इस विशेष प्रोग्राम के तहत गुजरात के मेहसाणा जिले में बड़नगर स्थित वह स्कूल जहां देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा प्राप्त वहां सात दिवस के विशेष आवासीय कैंप में छात्रों को जाने का अवसर मिलता है।

इस दौरान वीसी कक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त शासन सचिव किशोर कुमार और राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

---

**एसएमएस अस्पताल में** हुई कार्यशाला

## जन्मजात विकारों पर किया मंथन

बेधड़क | जयपुर



प्रतिवर्ष विश्व में होने वाले नवजातों में से छह प्रतिशत जन्मजात विकृतियों के साथ पैदा होते हैं, जिसमें दो-तीन प्रतिशत विकृतियां गंभीर प्रकृति की होती है।

इस जन्मजात विकारों को रोकने के लिए प्रसव पूर्व जांचें करवाना और गर्भवती महिला के अतिआवश्यक है। एसएसएम मेडिकल कॉलेज के बायोकेमेस्ट्री विभाग व एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल केमेस्ट्री एवं लैब मेडिससन प्रेक्टिशनर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में चिकित्सकों ने ये विचार रखे। कार्यशाला में प्रसव पूर्व जांचों और उनके निदान पर विस्तृत चर्चा कि गई। मुख्य अतिथि आरयूएचएस कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी रहे।

जबकि एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा एवं अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. मोनिका जैन बतौर विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बायोकेमेस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हरजीत ने की। पैनल डिस्कशन में डॉ. हरजीत सिंह, डॉ. निवेदिता गुप्ता, जनाना अस्पताल जयपुर की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुसुमलता मीणा, डॉ. अनु भंडारी आदि शामिल रहे।

कार्यशाला में महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जयपुर के डॉ. अरुण कुमार, आरयूएचएस के डॉ. जितेन्द्र आहूजा, गीतांजलि मेडिकल कॉलेज के डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. देवेंद्र कुमार व स्त्री रोग विभाग की डॉ. चारूस्मिता अग्रवाल आदि ने व्याख्यान दिया।

---

**पूर्व डिप्टी CM ने राजीव गांधी युवा मित्रों** के समर्थन में दिया धरना

## भाजपा झूठे वादे कर सत्ता में आई: पायलट

बेधड़क | जयपुर



शहीद स्मारक पर राजीव गांधी युवा मित्रों की ओर से दिए गए धरने में पूर्व उपमुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट पहुंचे। इस दौरान पायलट ने कहा कि जनता से झूठे वादे कर सत्ता हथियाने वाली भाजपा कभी किसी का भला नहीं करेगी।

पायलट ने कहा कि कैबिनेट की पहली बैठक से पहले युवाओं से रोजगार छीन लिया गया, जो सरकार की गलत मंशा को दर्शाता है। पायलट ने कहा- अगर सरकार को राजीव गांधी के नाम से इतनी ही नफरत है, तो उनको योजना का नाम राजीव गांधी की जगह कुछ और रख देना चाहिए, लेकिन 5000 युवाओं से रोजगार नहीं छीना जाना चाहिए। पायलट ने कहा कि हम सदन में भी पुरजोर तरीके से युवाओं की मांग को उठाएंगें, ताकि 5000 युवाओं को फिर से रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा- सरकार ने जिस तरह से नौकरियों को खत्म करने का काम किया है। उससे संदेश यहीं जा रहा है कि बीजेपी की सरकार नौकरी देना नहीं, बल्कि छीनना चाहती है। हालात इतने बिगड़ गए हैं कि युवाओं को अपनी जायज मांग के लिए विरोध भी नहीं करने दिया जा रहा है। यहां धरने तक की परमिशन इनको नहीं मिल पाई। पायलट ने कहा- युवा रोजगार के लिए धरना दे रहे हैं, खिलाड़ी अपनी मांगों के लिए धरना दे रहे हैं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अमीर और अमीर हो रहा है, जबकि गरीब और गरीब होता जा रहा है। बीजेपी वैसे भी भावनात्मक मुद्दों पर राजनीति करती है। उनको धरातल पर राजनीति करने का कोई अनुभव नहीं है।

---

**पीटीआई भर्ती 2022 फिर सवालों के घेरे में...**

# डिप्लोमा की डिग्री को एनसीटीई से मान्यता नहीं

कुणाल भटनागर | बेधड़क

**■ बोर्ड ने 9 महीने बाद भी नहीं लिया एक्शन**




**जयपुर।** पीटीआई भर्ती 2022 लगातार सवालों के घेरे में है। अब सच बेधड़क पड़ताल में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।

'सच बेधड़क' को एनसीटीई को लगाई गई एक आरटीआई हाथ लगी है। इसमें बाकायदा लिखा हुआ है कि 4 निजी यूनिवर्सिटियों को एनसीटीई से डीपीएड कराने की मान्यता नहीं है। इस बारे में बोर्ड के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया। फिर भी, ऐसे अभ्यर्थियों को अभी तक बोर्ड के द्वारा अपात्र घोषित नहीं किया गया है, जबकि कर्मचारी चयन बोर्ड की पीटीआई भर्ती 2022 की प्रेस विज्ञप्ति में लिखा है कि बीपीएड, डीपीएड और सीपीएड की डिग्री को एनसीटीई से मान्यता प्राप्ता होनी चाहिए। अब बड़ा सवाल खड़ा होता है कि दस्तावेज सत्यापन के दौरान ही ऐसे अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर क्यों नहीं किया गया। बोर्ड द्वारा मई 2023 में संदिग्द डिग्रीधारियों पर कार्रवाई करने की बात कही थी, लेकिन अफसोस कि 9 महीने बीत जाने के बाद भी बिना एनसीटीई से मान्यता प्राप्त डिग्रीधारियों पर बोर्ड द्वारा कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है।

#### डिग्रियों में फर्जीवाड़े की आशंका

'सच बेधड़क' की पड़ताल में सामने आया कि कई अभ्यर्थियों ने आवेदन के समय जिन डिग्रियों की जानकारी दी, वे दस्तावेज सत्यापन के दौरान अलग थीं। एक ही अभ्यर्थी ने बोर्ड की अलग-अलग परीक्षाओं में आवेदन किया है। इन्होंने अलग-अलग डिग्रियां लगाई। सवाल उठता है कि इतनी डिग्रियां कहां से आईं?

#### बोर्ड को कराया अवगत

" इस पूरे मामले में अभ्यर्थियों द्वारा बार-बार शिकायत करने के बाद भी बिना एनसीटीई से डिग्री वाले अभ्यर्थियों को अपात्र घोषित नहीं किया गया। फर्जी डिग्रीधारी को लेकर बोर्ड को भी लगातार अभ्यर्थियों द्वारा अवगत कराया गया। 'इस मामले को लेकर मुझे शिकायत मिली थी। इसके बाद मैंने एनसीटीई को लेटर लिखा था। 6 से 7 यूनिवर्सिटी को मान्यता प्राप्त नहीं होने की जानकारी के बाद शिक्षा विभाग को ऐसे लोगों की जॉइनिंग रोकने के आदेश दिए। शिक्षा विभाग को भी इस बारे में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है जैसे ही रिपोर्ट आती है, वैसे ही इन अभ्यर्थियों पर एक्शन लेते हुए अपात्र घोषित कर दिया जाएगा।

**आलोक राज,** अध्यक्ष, कर्मचारी चयन बोर्ड

---

**भर्ती अभ्यर्थियों का** धरना जारी

## राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा से पहले नियुक्ति देने की मांग

बेधड़क | जयपुर

चिकित्सा विभाग की नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्तियों की अंतिम वरीयता और पदस्थापन सूची जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का धरना प्रदर्शन शुक्रवार को दूसरे दिन भी सीफू के सामने जारी रहा।

प्रदर्शन में प्रदेशभर से अभ्यर्थी शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें महिला अभ्यर्थी भी छोटे-छोटे बच्चों के साथ पहुंची। अभ्यर्थियों ने मांगों की तख्तियों की बजाय जय श्री राम के लिखे झंडें लहराए और नारेबाजी करते हुए सरकार से जल्द नियुक्ति की मांग की। एक अभ्यर्थी नवदीप ने नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री के नाम खून से पत्र भी लिखा है। राजस्थान पैरामेडिकल स्टूडेंट एसोसिएशन के संरक्षक अनुराग नेहरा ने बताया कि नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती 2023 में 8 संवर्गों पर 20 हजार से ज्यादा पदों के लिए आवेदन छह महीने पहले सीफू ने लिए गए थे। इसमें से फार्मासिस्ट संवर्ग को छोड़कर 7 संवर्गों की प्रोविजनल सूची जारी कर दी गई। लेकिन अंतिम वरीयता व पदस्थापन सूची जारी नहीं किए जाने के कारण नियुक्ति नहीं मिल पा रही है। इस कारण कई वर्षों से लगे संविदाकर्मी व बेरोजगारों को नियमित रोजगार नहीं मिल रहा है।

## जरूरी खबर

### साढ़े उन्नीस बीघा भूमि से छह अवैध कॉलोनियां तोड़ी



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-14 में निजी खातेदारी की करीब 3.5 बीघा कृषि भूमि पर बन रही तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। इसके साथ ही जोन-13 में निजी खातेदारी की करीब 16 बीघा कृषि भूमि पर बन रही तीन अवैध कॉलोनियों को भी ध्वस्त किया है। वहीं, जोन - 7 में सुओमोटों के तहत ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी खातीपुरा में रोड सीमा में आ रहे अवैध अतिक्रमणों को हटाया है। साथ ही आवासीय योजना मैट्रो सिटी के भूखण्ड संख्या 221- 222 में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-14 में न्याय वाटिका के पास कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति, अनुमोदन के एवं बिना भू रूपांतरण कराए भूमि को समतल कर बनाई गई अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया।

### श्री अन्न की उपयोगिता पर सेमिनार आज

**जयपुर।** राजस्थान महिला अधिकारी एवं कर्मचारी महासंघ के तत्वावधान में शनिवार को मोटे अनाज के प्रति जागरूकता और उपयोगिता बताने के उद्देश्य से सेमिनार आयोजित किया जाएगा। दुर्गापुरा स्थित राजस्थान कृषि अनुसंधान केंद्र में होने वाले इस सेमिनार में प्रदेश भर से महिलाएं आएंगी, जिन्हें एक्सपर्ट के जरिए मिलेट के उपयोग के लिए जागरूक किया जाएगा। महिलाओं में होने वाली बीमारियों में मोटे अनाज के उपयोग को भी बताया जाएगा। साथ ही मोटे अनाज में रोजगार की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। महासंघ की अध्यक्ष विजेता चारण ने बताया कि विभिन्न प्रकार के मोटे अनाज जैसे रागी, ज्वार, बाजरा, कुटकी, सवा और जौ के प्राकृतिक लाभ और आमजन के आहार में शामिल करने के बारे में टिप्स दिए जाएंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**300 मीटर दूर ही फायर स्टेशन होने से टला बड़ा हादसा, तीन दमकलों ने ढाई घंटे में पाया काबू**

# कलेक्ट्रेट में रजिस्ट्रार ऑफिस में लगी आग, दस्तावेज जले

**बेधड़क । जयपुर**

कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार सुबह सब रजिस्ट्रार संख्या 5 के ऑफिस में भीषण आग लग गई। इसमें तमाम दस्तावेज, कम्प्यूटर और फर्नीचर जलकर राख हो गया। आग सुबह करीब 5 बजे लगी, जिसे करीब ढाई घंटे में तीन दमकलों की मदद से बुझाया जा सका। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



**दूसरे ऑफिस में की जाएगी रजिस्ट्री**

सब रजिस्ट्रार ने बताया कि इस आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन अब इस ऑफिस का काम दूसरे सर्किल में शिफ्ट किया जाएगा। हालांकि, सभी काम ऑनलाइन होता है, इसलिए कोई भी व्यक्ति किसी भी दूसरे सब रजिस्ट्रार ऑफिस में जाकर रजिस्ट्री करवा सकता है।

### अधिकतर रिकार्ड ऑनलाइन होने से नुकसान कम हुआ

सब रजिस्ट्रार सत्यवीर सिंह ने बताया अधिकतर रिकॉर्ड ऑनलाइन रहता है। पुराना रिकॉर्ड ऑफिस में रखा था, जिसकी जांच के बाद ही पता चल सकेगा कितना नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि सब रजिस्ट्रार ऑफिस के पास ही सब रजिस्ट्रार ऑफिस 2 को पासपोर्ट ऑफिस की तर्ज पर मॉडल ऑफिस तैयार करवाने के लिए सिविल वर्क चल रहा है। आग किस कारण से लगी इसका कुछ पता नहीं चला है, लेकिन प्राथमिक कारण बिजली की लाइन में शॉर्ट सर्किट होना माना जा रहा है।

### सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं

सूत्रों के मुताबिक आग के समय इस ऑफिस के आसपास एक भी सुरक्षा गार्ड नहीं था। आग की सूचना ऑफिस के पीछे बने एक होटल में तैनात सुरक्षाकर्मी ने दी। गनीमत ये है कि कलेक्ट्रेट से 300 मीटर की दूरी पर ही फायर स्टेशन था, जिससे फायर बिग्रेड की गाड़ियां और टीम समय पर पहुंच गई। फिर भी जब तक टीम को सूचना मिली और आग बुझाने का काम शुरू हुआ। तब तक ऑफिस में रखा 90 फीसदी सामान आग की चपेट में आ चुका था।

**जयपुर में 22 को मनाएंगे रामोत्सव: मंदिरों में किए जाएंगे विशेष धार्मिक आयोजन, शहर के बाजारों में होगी दिवाली जैसी सजावट**

# ‘राम आएंगे’... स्वागत में दीये जलेंगे, प्रभुमय होगी छोटी काशी

## रामनिवास बाग में अल्बर्ट हॉल के बाहर बनाई जाएगी मिनी अयोध्या

**बेधड़क । जयपुर**

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में भी रामोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन पूरे शहर के मंदिरों और बाजारों में दीवाली जैसी सजावट की जाएगी। साथ प्रमुख मंदिरों में रामोत्सव अभियान के तहत विशेष आयोजन भी किए जाएंगे।

शहर के मंदिरों में होने वाले आयोजन के संबंध में शुक्रवार को प्रमुख मंदिरों के महंत मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर में बैठक की। इस अवसर पर सभी संत महंतों ने एक स्वर में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को त्योहार के जैसे मनाने का निर्णय लिया और आमजन से भी 22 जनवरी को दीवाली मनाने के लिए अपील की है। इस दिन रामनिवास बाग में अल्बर्ट हॉल के बाहर मिनी अयोध्या भी बनाई जाएगी। इसे लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है।



*मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में शहर के प्रमुख मंदिरों के महंतों ने किया रामोत्सव अभियान के पोस्टर का विमोचन।*

### खोले के हनुमान मंदिर में सरयू-गंगोत्री जल से अभिषेक

इसके अलावा खोले के हनुमान जी मंदिर में 22 जनवरी को रामोत्सव समारोह मनाया जाएगा। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि रामोत्सव में खोले के हनुमान मंदिर में शिखर पर स्थित सियाराम मंदिर में सुबह 7:30 बजे राम जी का सरयू और गंगोत्री के जल से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद भगवान को नई गरम पोशाक धारण करा 10 बजे फूल बंगला की झांकी सजाई जाएगी।

### चांदपोल परकोटा गणेश जी को लगेगा 1008 मोदक का भोग

चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर के महंत युवाचार्य पं अमित शर्मा ने बताया कि रामोत्सव पर मंदिर में सुबह गणेश जी को पंचामृत व औषधीय जल से स्नान कराया जाएगा। फूल बंगला की झांकी सजाई जाएगी। सुबह 11 से शाम 6 बजे तक भजन किए जाएंगे। शाम को 1100 दीपों से आरती की जाएगी और गणेश जी महाराज को 1008 मोदक दुर्वा गणपति अष्टोत्तर नामावली व गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ कर अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद मंदिर के बाहर भव्य आतिशबाजी कर भक्तों को प्रसाद बांटा जाएगा।

### मोती डूंगरी मंदिर में होगी अतिशबाजी

मोती डूंगरी गणेश मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि मंदिर पर शाम 6 बजे रोशनी और आतिशबाजी होगी। मंदिर को लाइटों से सजाया जाएगा। भक्तों को मोदक प्रसादी वितरित की जाएगी। चांदनी चौक स्थित प्रतापेश्वर महादेव मंदिर और बृजनिधि मंदिर के सामने गणेश मंदिर ट्रस्ट की ओर से आतिशबाजी होगी।

### घाट के बालाजी के होंगे चालीसा पाठ

घाट के बालाजी मंदिर महंत स्वामी सुरेश कुमार ने बताया कि श्रीघाट के बालाजी प्रांगण में शाम 7 बजे रामलला उत्सव विग्रह और बालाजी की 2100 दीपकों से महाआरती की जाएगी। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा और सुदरकांड के पाठ किए जाएंगे।

### गोविंददेवजी के होंगे अखंड रामचरितमानस का पाठ

गोविंददेवजी के महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पहले से पांच ब्राह्मण सुबह 8 बजे से संगीतमय अखंड रामचरितमानस का पाठ करेंगे। साथ ही 11 ब्राह्मण बटुक वेद पाठ करेंगे। सोमवार को सुबह 9 बजे समापन और हवन पूर्णाहुति होगी। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे जब अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होगी उस समय मंदिर में राम दरबार की आरती होगी। पूरे मंदिर को बांदरवाल और फूलों से सजाया जाएगा। मंदिर पर विशेष रोशनी भी होगी। मंदिर में संध्या झांकी में 3100 दीपकों से मंदिर में सजाया जाएगा और महाआरती की जाएगी। शाम को भव्य आतिशबाजी होगी। ठाकुर जी को नवीन पीत वस्त्र पोशाक धारण करवाई जाएगी और विशेष अलंकार श्रृंगार किया जाएगा।

### अल्बर्ट हॉल पर ‘राम मंदिर’



*अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शहरभर में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल के सामने लगभग 35 फुट ऊंची अयोध्या मंदिर की प्रतिकृति बनाई जा रही है।* **फोटो राजेश कुमावत**

### गढ़ गणेश के लगेगी नई ध्वजा

गढ़ गणेश मंदिर के महंत प्रदीप औदीच्य ने बताया कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर भगवान गणेश के शिखर पर नई ध्वजा लगाई जाएगी। भगवान का सुबह पंचामृत से अभिषेक होगा। इसके बाद नए वस्त्र घारण कराने के बाद माला पुष्प से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। भगवान गणेश को मोदक और चूरमे का भोग लगाया जाएगा। सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ होगा।

### हनुमान मंदिर में बांटेंगे प्रसादी

चांदी के टकसाल स्थित काले हनुमान मंदिर पर रविवार दोपहर सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इसके बाद 22 जनवरी की सुबह हनुमान जी महाराज का अभिषेक कराकर नए वस्त्र धारण कराए जाएंगे। मंदिर के आस पास विशेष लाइटों से सजाया जाएगा। दिनभर सुंदरकांड और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ होगा। भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जाएगा और शाम को आतिशबाजी की जाएगी।

**3 बदमाशों को पकड़ा, नाबालिग निरुद्ध**

# लिफ्ट देने के बहाने युवक का अपहरण चलती कार में लूटा



**बेधड़क । जयपुर**

खोह नागोरियान थाना क्षेत्र में लिफ्ट के बहाने लूट करने वाली गैंग के चार बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा है। बदमाशों ने युवक को किडनैप कर चलती कार में मारपीट की थी और नकदी और मोबाइल लूट लिए थे। इसके बाद युवक के हाथ बांधकर रोड किनारे पटक कर फरार हो गए थे। पुलिस चारों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

थानाधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि लूट के मामले में बदमाश मुकेश कुमार, नवीन जाट और हितेश कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही गैंग में शामिल नाबालिग को भी निरुद्ध किया है। इन तीनों बदमाशों का जयपुर और जयपुर ग्रामीण के कई थानों में आपराधिक रिकॉर्ड है। गैंग के बदमाश लिफ्ट देने के बहाने अकेले युवक को ढूंढते थे। लिफ्ट के बहाने कार में बैठाकर किडनेप कर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस पूछताछ में कई वारदातों के खुलासे की संभावना जताई गई है। बता दें कि सिंकदरा निवासी पीड़ित 6 जनवरी की रात को अपने गांव जाने के लिए नारायण सिंह सर्किल से आरोपियों से लिफ्ट लेकर कार में बैठा था। इस पर तीनों आरोपियों ने उसे सुनसान जगह पर ले जाकर मारपीट की और उसके सामान को लूट ले गए।

# HC में SA के 230, JPA के 30 पदों पर होगी भर्ती

**बेधड़क । जयपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर ने बेरोजगारों को नया तोहफा दिया है। हाईकोर्ट ने सिस्टम असिस्टेंट के 230 रिक्त पदों व कनिष्ठ निजी सहायक (हिन्दी ) के 30 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं।

सिस्टम असिस्टेंट के लिए ऑनलाइन आवेदन की 3 फरवरी तथा परीक्षा शुल्क जमा कराने की 4 फरवरी अंतिम तिथि है। इसमें सामान्य श्रेणी के 85, आर्थिक पिछड़ा वर्ग के 23, एससी के 36, एसटी के 27, ओबीसी के 48 एवं मोस्ट बेकवर्ड क्लास के लिए 11 पद आरक्षित हैं। इसी तरह कनिष्ठ निजी सहायक (हिन्दी) के 30 रिक्त पदों के लिए 9 फरवरी से 9 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। इन पदों के लिए 9 फरवरी को दोपहर 1 बजे से 9 मार्च को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेंगे।

भर्ती प्रक्रिया के संबंध में आवश्यकता होने पर प्रतिवेदन/प्रार्थना पत्र रजिस्ट्रार (परीक्षा) राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर को संबोधित कर प्रेषित कर सकते हैं। आवेदन व परीक्षा संबंधित समस्याओं के निवारण एवं जानकारी के लिए हेल्प लाइन नंबर 0291-2888100 एवं 2888101 पर कार्यालय समय के दौरान संपर्क किया जा सकता है।

**फर्स्ट इंडिया ने आयोजित की भजन संध्या**

# ‘सच बेधड़क’ मीडिया ग्रुप के फाउंडर विनायक शर्मा ने की शिरकत

- सीईओ पवन अरोड़ा ने किया शर्मा का आत्मीय स्वागत
- शर्मा ने ऐसे आयोजनों को बताया अध्यात्म के लिए प्रेरणादायी



**बेधड़क । जयपुर**

‘सच बेधड़क’ मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने शुक्रवार को फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल की ओर से आयोजित भजन संध्या में शिरकत की। विनायक शर्मा ने प्रभु श्रीराम की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर फर्स्ट इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने विनायक शर्मा का आत्मीय भाव से गले लगाकर स्वागत किया।






इस दौरान ‘सच बेधड़क’ के फाउंडर विनायक शर्मा ने कहा कि न्यूज चैनल मीडिया के अंदर भी भव्य राम जन्म की खुशी मनाई जा रही है, यह पूरा संसार सियाराम में ही समाया हुआ है। उन्होंने कहा कि अपने तत्वों को जानकर उसकी ओर बढ़ना हमें भौतिक जगत में तो सफलता तो देता ही है, साथ ही साथ अध्यात्म और परलोक में भी उत्तम स्थान सुनिश्चित करता है। फर्स्ट इंडिया को ऐसे आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए विनायक शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के जरिए अध्यात्म और धर्म की ओर लोग आकर्षित होते हैं। भजन संध्या में भजन कलाकारों ने शानदार भजनों की प्रस्तुतियां भी दीं। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, विधायक बालमुकुंद आचार्य, हेरिटेज नगर निगम महापौर मुनेश गुर्जर, पूर्व विधायक अशोक लाहोटी सहित कई राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक हस्तियां मौजूद रहीं।

## जरूरी खबर

### कुत्तों से बचने को पटरी पर दौड़े भाई-बहन ट्रेन से कटे



**जोधपुर।** कुत्तों से बचने के लिए पटरी पर भाई-बहन की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौके हो गई। हादसा जोधपुर के माता का थान इलाके में शुक्रवार दोपहर हुआ। जानकारी के अनुसार अनन्या (12) और युवराज सिंह (14) बनाड़ के गणेश पुरा के रहने वाले थे और आर्मी चिल्ड्रन अकादमी में 5वीं और 7वीं क्लास में पढ़ते थे। दोनों अपने तीन अन्य साथियों के साथ स्कूल से लौट रहे थे। रास्ते में कुछ कुत्ते पीछे पडे तो तीन बच्चे भागकर रेल पटरी पर पहुंच गए। इसमें अनन्या और युवराज मालगाड़ी से कट गए।

### पुरानी रंजिश के चलते परिवार पर बरसाए लाठी-डंडे

**अलवर।** जिले के थानागाजी के समीप खकस्या की ढाणी में पुरानी रंजिश के चलते एक दर्जन बदमाशों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। झगड़े में एक दर्जन से अधिक महिला-पुरुष और लड़कियां घायल हो गए। सभी को थानागाजी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद 5 गंभीर घायलों को जयपुर एसएमएस में रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार कई सालों पहले परिवार के एक सदस्य का अज्ञात कारणों के चलते देहांत हो गया था। इसके बाद जमीनी विवाद का हवाला देकर दूसरे पक्ष के लोगों ने परिवार के साथ झगड़ा शुरू कर दिया था। इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शेष की तलाश जारी है।

### शिक्षक करेंगे नई शिक्षा नीति के विरोध में आंदोलन



**सीकर।** राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) की ओर से 60वां राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन नानी बाईपास स्थित हर्षिता मैरिज गार्डन सीकर में आयोजित हुआ। सम्मेलन में प्रदेश भर से हजारों की तादाद में शिक्षक पहुंचे। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिंह सिहाग ने कहा कि देश और राजस्थान प्रदेश में भी सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने जा रही है। उस शिक्षा नीति पर शिक्षकों ने बड़ी गहनता से विचार-विमर्श और रिसर्च की है जिसमें सामने आया है कि यह शिक्षा नीति न तो शिक्षकों के हित में है और न ही बच्चों और आम लोगों के हित में है। इसलिए राजस्थान के शिक्षक इस शिक्षा नीति का विरोध करेंगे।

---

**रात के अंधेरे में चलता है वसूली का खेल... विधायक की दो-टूक के बाद दो पुलिसकर्मी लाइन हाजिर**

# पुलिस पर वसूली का आरोप, MLA बोले- तुरंत करें कार्रवाई

**बेधड़क** | जैसलमेर

प्रदेश में भजनलाल सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेस नीति से काम कर रही है। इसके तहत एक तरफ जहां अपराधियों पर लगाम कसने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर सरकारी महकमों में मौजूद भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई हो रही है।

इसी बीच जैसलमेर में पुलिसकर्मियों की ओर से रात के समय ग्रामीणों से वसूली का मामला सामने आया है। जिले के पौकरण विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने पुलिस पर वसूली के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिसकर्मी रात के समय लोगों के घर जाकर या रास्तों में रोककर वसूली करते हैं। इस शिकायत के बाद स्थानीय विधायक महंत प्रतापपुरी ने तुरंत एक्शन लिया। उन्होंने एसपी को दो टूक कहा- आरोपी पुलिसकर्मियों को तुरंत वर्खास्त करो...लाइन हाजिर करो... या उनको वहां से हटाओ। ग्रामीणों के साथ हुए भ्रष्टाचार की भनक लगते विधायक जैसलमेर के एसपी से वीडियो कॉल लगाकर सीधे ग्रामीणों की बात करा दी और कहा कि रात करीब दो बचे गांव के पदमाराम नाम के युवक के घर जाकर पुलिस ने एक हजार रुपए की वसूली की है। विधायक ने एसपी को बताया कि पुलिस के ऐसे कर्मचारी अपने ऊपर काले दाग हैं।

महंत प्रतापपुरी की ओर से ग्रामीणों की सीधे एसपी से बात कराने का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में महंत प्रताप पुरी के साथ कई ग्रामीण और दो पीड़ित भी नजर आ रहे हैं जो बता रहे हैं कि कैसे उनके साथ वसूली की गई। विधायक के निर्देश के बाद कांस्टेबल परबत सिंह ओर रेवतराम को लाइन हाजिर कर जांच शुरू कर दी।



### पीड़ितों ने विधायक को सुनाई पीड़ा

पीड़ित पदमाराम ने बताया कि रात 2 बजे पुलिसवाले मेरे घर पर पहुंचे। उन्होंने रुपए मांगे। मेरी जेब में एक हजार रुपए थे जो मैंने दे दिए। पुलिस वाले कहने लगे रुपए दो नहीं तो कार्रवाई करेंगे। दूसरे पीड़ित ने बताया कि पुलिस की गाड़ी में मौजूद पुलिसकर्मियों ने रात को उसे रोका था। उसे कहा था कि ट्रैक्टर खाली कर दो या रुपए दे दो। पीड़ित की इस बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें ग्रामीणों में काफी आक्रोश दिख रहा है।

### वीडियो वायरल होने के बाद आक्रोश

ग्रामीणों की ओर से विधायक को पुलिसकर्मियों की ओर से वसूली की शिकायत करने के बाद इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद से अब ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश दिख रहा है। वहीं ग्रामीण पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाएंगे तो जनता की कौन सुनवाई करेगा? पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए होती है, जबकि यहां तो पुलिस वाले आमजनता को लूटने में लगे हुए हैं। ऐसे में आमजन का पुलिस पर कैसे विश्वास कायम होगा। कुछ लोगों की वजह से पूरा विभाग बदनाम होता है।

---

**जाट आरक्षण आंदोलन ने पकड़ा जोर, अब रोकेंगे हाईवे व रेल मार्ग**

# लाठियां लेकर धरने पर पहुंची महिला शक्ति ने भी भरी हुंकार

**बेधड़क** | भरतपुर

केंद्र सरकार की ओर से ओबीसी आरक्षण देने की मांग को लेकर भरतपुर-धौलपुर जिले के जाटों के आंदोलन की आग अब तेज होती जा रही है।

जयचौली गांव में रेलवे लाइन के पास चल रहे धरने में समाजबंधु बैठे हुए हैं वहीं शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी हाथों में लाठी-डंडे लिए आंदोलन स्थल पर पहुंच गईं। कड़ाके की सर्दी में महिलाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी आंदोलन में शामिल हो गए।

जाट एकता के नारे लगाती हुई महिलाओं की जुबान पर हर हाल में केंद्र में आरक्षण लेने की मांग रही। महिला आंदोलनकारियों का कहना है कि चाहे रेल की पटरी उखाड़नी पड़े या फिर जान देनी पड़े, लेकिन इस बार केंद्र में ओबीसी आरक्षण लेकर रहेंगे। धरना स्थल के आस-पास के कई गांवों से महिलाओं की टोलियां दिनभर धरने में पहुंचती रहीं। महिलाएं जहां-जहां से गुजरी वहां माहौल नारेबाजी से गूंज उठा। इस बीच महिलाओं ने हर हाल में आरक्षण के संघर्ष को आगे बढ़ाने की बात कही।

**■ चाहे पटरी उखाड़नी पड़े या जान देनी पड़े इस बार आरक्षण लेकर रहेंगे**



### बच्चों के भविष्य के लिए कुछ भी करने को तैयार

आंदोलन स्थल जयचौली पहुंची महिला कृष्णा ने कहा कि हम आरक्षण लेने आए हैं। इसके लिए चाहे हमें दिल्ली तक जाना पड़े। मर जाएंगे, लेकिन अब हम पीछे नहीं हटेंगे। हम केंद्र में ओबीसी आरक्षण लेकर रहेंगे। महिला ने कहा कि हम भीख नहीं मांग रहे बल्कि अपना अधिकार मांग रहे हैं। जब प्रदेश के अन्य जिलों के जाटों को केंद्र में आरक्षण दे दिया गया है तो भरतपुर-धौलपुर के जाटों को क्यों छोड़ दिया गया। इनको भी आरक्षण मिलना चाहिए। इन दोनों जिलों के जाटो की ही सरकार के क्या दुश्मनी हैं? महिला ने कहा कि हम अपने बच्चों के भविष्य के लिए कुछ भी कर जाएंगे। संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने कहा कि आंदोलन के तीसरे दिन की शुरुआत सुबह यज्ञ कर की गई। नेम सिंह ने कहा कि हम 22 जनवरी तक शांति से आंदोलन करेंगे। शुक्रवार को आस-पास की महिलाएं और युवा आंदोलन में शामिल हुए हैं। शनिवार से पूरे जिले की महिला और युवा आंदोलन में पहुंचना शुरू कर देंगे।

### 22 की शाम 5 बजे से बंद करेंगे रास्ते

संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह ने बताया कि 22 जनवरी शाम 5 बजे बाद पूरे जिले के जाटों के गांव के रास्ते, सड़क, हाईवे और रेलमार्ग बंद कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह वर्ष 2017 में पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी मोटरसाइकिल पर सवार होकर बात करने आए थे, उसी तरह इस बार भी आंदोलन की पुनरावृत्ति होने जा रही है। हम बार-बार सरकार को समय दे रहे हैं ताकि कोई जाटों पर आरोप ना लगाए कि सीधे ही उग्र आंदोलन कर दिया। नेम सिंह ने कहा कि हम चाहते हैं कि सरकार समय रहते समझदारी का परिचय दे ताकि हमें आंदोलन आगे नहीं बढ़ाना पड़े। यदि आंदोलन उग्र होता है, तो उसकी जिम्मेदार सरकार की होगी।

---

**घटना के बाद दहशत का माहौल**

## बाघ के हमले में बुजुर्ग घायल, अब ट्रेंकुलाइज कर पकड़ेंगे वनकर्मी

**बेधड़क** | खैरथल

जिले के भिवाड़ी में हरियाणा सीमा के पास के गांव में बाघ ने बुजुर्ग किसान पर हमला कर दिया। इसके चलते किसान घायल हो गया। घटना की सूचना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

वहीं, मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बाघ को ट्रेंकुलाइज करने का फैसला किया। इसके लिए जयपुर और सरिस्का से एक टीम रवाना हो चुकी है। दरअसल, बहरोड़ सरिस्का टाइगर रिजर्व के अलवर बफर जोन बाला किले से एक बाघ एसटी 2303 भिवाड़ी की हरियाणा सीमा के पास जा पहुंचा। यहां भिवाड़ी के खुश्खेड़ा क्षेत्र में बाघ ने एक बुजुर्ग किसान पर हमला कर दिया। वहीं, बाघ के हमले में जख्मी किसान को इलाज के लिए हरियाणा के रेवाड़ी अस्पताल ले जाया गया।

वन विभाग के डीएफओ अपूर्वकृष्ण श्रीवास्तव ने बताया कि तीन महीने से एक युवा बाघ एसटी 2303 रेंज किशनगढ़ बास के अधीन वनखंड रुंध इस्माइलपुर व आस-पास के क्षेत्र में घूम रहा है। वन विभाग की टीम बाघ की नियमित रूप से ट्रैकिंग कर रही है। बाघ ने दोपहर के समय खुश्खेड़ा गांव में एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। घटना के दौरान बुजुर्ग किसान रघुवीर यादव अपने बेटे मामन सिंह के साथ खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक बाघ ने उन पर हमला बोल दिया। इस दौरान लोगों के शोर मचाने पर बाघ मौके से भाग निकला। इस घटना में रघुवीर के हाथ और सीने पर चोट आई है। घटना के बाद से ही क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।



वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले बाघ रेलवे पटरी के पास नजर आया था। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

---

**सांसद ने वराह मंदिर में कार्यकर्ताओं के साथ की सफाई**

## पूरा हो रहा रामभक्तों का सपना: चौधरी

**बेधड़क** | अजमेर

राम जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व देशभर में धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई और सजावट का काम चल रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को सांसद जगत पिता ब्रह्मा की नगरी पुष्कर में प्राचीन वराह मंदिर में अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने पुष्कर नगर पालिका अध्यक्ष शिव महर्षि और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सफाई की। इस ऐतिहासिक मंदिर में सांसद और कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाई और कूड़ा-करकट एकत्र कर उसका निस्तारण किया। भागीरथ चौधरी ने कहा कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद सभी राम भक्तों का सपना 22 जनवरी को पूरा होने जा रहा है। अयोध्या में बने भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम विराज रहे हैं। इस उपलक्ष में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में समस्त मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने का आह्वान लोगों से किया है। देशभर में राम भक्त और सनातन धर्म को मानने वाले लोग मंदिरों की सफाई में जुटे हुए हैं। सांसद चौधरी ने कहा कि वराह मंदिर पर मुगल शासन में इस कई बार आक्रमण हुए, लेकिन हमारे पूर्वजों ने इसे अपने पराक्रम से बचाए रखा। पालिका अध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि ने कहा कि मंदिर में भाजपा पार्षदों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के सहयोग से सफाई की गई।



---

**झांसी से दिल्ली तक लगा रहीं नारी शक्ति बंधन दौड़**

## धौलपुर पहुंची मेजर मेहता का अभिनंदन

**बेधड़क** | धौलपुर

महिलाओं के सम्मान में हो रहे नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम के तहत 470 किलोमीटर दौड़ पर निकली सेना की मेजर शशि मेहता शुक्रवार को धौलपुर से होकर गुजरीं। इस दौरान विभिन्न संगठनों की ओर से उनका स्वागत किया गया।

मेजर मेहता ने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनने का संदेश देने के लिए यह अनोखी मुहिम शुरू की है। शशि मेहता 470 किलोमीटर की दौड लगा कर झांसी से दिल्ली की यात्रा पूरी करेंगी। शुक्रवार को धौलपुर से गुजरते हुए आगरा पहुंची व इसके बाद मथुरा होते हुए दिल्ली पहुंचेंगी जहां 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगी। शुक्रवार सुबह मेजर शशि मेहता ने मध्यप्रदेश सीमा से राजस्थान सीमा में प्रवेश किया, जहां मचकुंड चौराहे पर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान एवीएम कॉन्वेंट स्कूल के पाइप बैंड ने अपनी धुनों के साथ मेजर मेहता का स्वागत किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स भी उनके साथ दौड़े। इनके अलावा मचकुंड चौराहे से सीआरसी क्लब के बाइकर्स धावक मेजर शशि मेहता के साथ सदर थाने तक चले। वहीं एनसीसी भिंड के कर्नल जगदीश राव राजस्थान की सीमा पर मेजा मेहता को विदाई देने पहुंचे। इस मौके पर मेजर शशि मेहता एक्सप्रेस क्लब के अध्यक्ष अतुल कुमार भार्गव, चंबल प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह रजौरिया, मंजरी फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक संजय शर्मा सहित संजय अग्रोहा, चंद्रमोहन त्रिवेदी, रविमोहन त्रिवेदी, शाहिद कुरेशी, राहुल राना, संजय पांडे, अमन भार्गव, कुलदीप परमार, रवि शिवहरे, हर्ष देव त्रिवेदी सहित अन्य लोगों ने मेजर मेहता का स्वागत किया।



---

**जुमे की नमाज के बाद जायरीनों की वापसी शुरू**

# गरीब नवाज के सजदे में एक साथ झुके हजारों सिर... दुआ में उठे हाथ

**■ जुमे की नमाज में अकीतदमंदों के लिए स्थानीय सिंधी व हिंदू दुकानदारों ने की बिछायत, गंगा-जमुनी तहजीब हुई साकार**

**बेधड़क** | अजमेर

सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें उर्स का गुरुवार को अनौपचारिक समापन होने के बाद शुक्रवार को जुमें की नमाज अदा की। इस दौरान गरीब नमाज के सज्दे में लाखों सिर एक साथ झुके।

अकीदतमंदों ने हाथ उठाकर ख्वाजा साहब से देश-दुनिया में अमन-चैन की दुआ मांगी। जुमे की नवाज के दौरान कौमी एकता की मिसाल भी देखने को मिली। लाखों जायरीन ने ख्वाजा गरीब नमाज की दरगाह परिसर में स्थित शाहजानी मस्जिद में जुमे की नमाज अदा की। नमाज के लिए जायरीन की कतारें दरगाह से बाहर निकलकर धानमंडी, देहली गेट से होते हुए गंज तक जा पहुंची। ऐसे में दरगाह के बाहर नमाज के लिए बैठने वाले लोगों के बैठने के लिए सिंधी और हिन्दू दुकानदारों ने बिछायत करवाई। कई जगहों पर नमाजियों के लिए छाया और पानी की व्यवस्था की गई। ख्वाजा के दरबार में साकार हुई इस गंगा-जमुनी तहजीब को देखते हुए जायरीन भी गदगद नजर आए। नमाज के बाद देश के कोने-कोने से ख्वाजा गरीब नवाज के 812वें उर्स में हाजरी लगाने आए जायरीन जुम्मे की नमाज तक रुके हुए थे। अब दरगाह की चौखट चूमने के बाद दिल में दोबारा आने की हसरत लिए जायरीन अपने घरों को लौटने लगे हैं।



### देहली गेट और गंज तक पहुंची कतारें

शुक्रवार को लाखों जायरीन ने जुमे की विशेष नमाज अदा करने के लिए ख्वाजा के दरबार में उमड़े। जुम्मे की विशेष समाज दरगाह परिसर में शाहजहानी मस्जिद में हुई। इस दौरान नमाजियों के कतारें दरगाह से निकलकर दरगाह बाजार, अंदरकोट, नला बाजार, धानमंडी, लोंगिया, देहली गेट होते हुए गंज तक पंहुच गई। रेलवे स्टेशन के सामने घंटाघर मस्जिद तक नमाजियों की कतारें लगी नजर आई।

### पहली बार आए... अब बार-बार बुलाते रहना

ख्वाजा के दर पर आने वाले जायरीन में कई युवा ऐसे भी थे जो पहली बार आए, वहीं कई जायरीन वर्षों से उर्स में हाजरी देने के लिए आ रहे हैं। कलकत्ता से आए युवा जायरीन परवेज बताते हैं कि पहली बार वे ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में आए हैं। परिवार में सब स्वस्थ और खुशहाल रहें, इसके लिए दुआ मांगी हैं। ख्वाजा के यहां जुमे की नमाज अदा करने का मौका मिला यह खुशनसीबी है। दुआ करते हैं कि ख्वाजा गरीब नवाज बार-बार बुलाते रहें। उन्होंने कहा कि देश में सभी लोग मिलजुल कर रहें और देश तरक्की करे, यही दुआएं की गई है। वहीं पहली बार आए जमील बताते हैं कि ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर आकर दिल को सुकून मिला है। उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यहां देखा कि हिंदू-मुस्लिम सब मोहब्बत और भाईचारे के साथ रहते हैं। दरगाह में सभी मजहब के लोग आते हैं। देश में सब भाईचारे के साथ रहें और खुशहाल रहें यही दुआ की है। वहीं एक अन्य जायरीन मुबारक बताते हैं कि वे वर्षों से उर्स में अजमेर आ रहे हैं। यहां हर जायज मन्नत और मुरादे पूरी होती है। देश में ही नहीं पूरी दुनिया में ख्वाजा गरीब नवाज की शान है। एयरपोर्ट पर जेब से डॉलर गिर गए थे और घर के पास वे डॉलर मिल गए, यह इनका ही करम है।

### आज रवाना होगा पाक जायरीन का जत्था

ख्वाजा साहब के उर्स में शामिल होने आए 230 पाक जायरीन का जत्था शनिवार रात 10 बजे स्पेशल ट्रेन से अजमेर से रवाना होगा। ट्रेन के रवाना होने से करीब डेढ़ घंटे पहले ही पाक जायरीन को कड़ी सुरक्षा में सेंट्रल गर्ल स्कूल से रेलवे स्टेशन पर लाया जाएगा। ट्रेन में बैठने से पहले सभी की जीआरपी और स्थानीय पुलिस जांच करेगी। पाक जायरीन ने अजमेर में खरीदारी भी की है। इनके साथ इनका लगेज भी सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से ट्रेन तक पहुंचे इसके लिए विशेष इंतजाम जिला प्रशासन की ओर से किए गए हैं।

## संस्कृत विश्वविद्यालय में 'ध्येयवाक्यानां विश्लेषणम्' विषय पर कार्यशाला

# ध्येय वाक्यों को जानना जरूरी, क्योंकि 'सा विद्या या विमुक्तये'

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय भाषा समिति, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'ध्येयवाक्यानां विश्लेषणम्' विषय पर चल रही राष्ट्रीय कार्यशाला में विद्वानों ने ध्येय वाक्यों पर चर्चा की।

विश्वविद्यालय के व्याकरण विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यशाला के संयोजक डॉ. शशि कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में संपूर्ण भारत से आए विद्वानों द्वारा 55 ध्येय वाक्यों का विश्लेषण किया जाएगा। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राम सेवक दुबे ने ध्येय वाक्यों को क्यों जानना चाहिए, इनके जानने की अत्यंत आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि छात्रों का ध्येय धर्म, गृहस्थों का ध्येय अर्थ है। सा विद्या या विमुक्तये अर्थात् वही विद्या है जिससे मोक्ष की प्राप्ति हो। कार्यशाला में आशीर्वाद प्रदाता के रूप में रेवासा पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज ने ध्येयवाक्यों के विश्लेषण करने के इस कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रो. दयानंद भार्गव, प्रो. सत्यप्रकाश दुबे, प्रो. राजेंद्र प्रसाद शर्मा, प्रो. मोहन लाल शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए।




### विद्यालयों में हो भगवद्गीता और भारतीय कैलेंडर का अध्ययन

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में हाथोज धाम के महामण्डलेश्वर तथा हवामहल विधानसभा विधायक बालमुकुंदाचार्य ने सभी विद्यालयो में भगवद्गीता और भारतीय कैलेण्डर पंचांग के अध्ययन की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि विद्यालयी पाठ्यक्रमों से विलोपित देवी देवताओं और वीर राजाओं, लोकदेवताओं को पाठ्यक्रम में पुनः जोड़ा जाएगा। प्रतियोगिता परीक्षाओं में संस्कृत के प्रश्नों को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने संस्कृत विश्वविद्यालय के विकास में निरन्तर शोध करने के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने हाथोज से गोविंदपुरा तथा हवामहल से विश्वविद्यालय के लिए सरकारी बस की उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

## Yuva स्टोरीज

### छात्राओं ने फैलाई सड़क सुरक्षा जागरूकता




**बेधड़क** | जयपुर

एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत जयपुर के बजाज नगर चौराहे पर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया।

कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने लगातार 5 दिन तक वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ उनके प्रति जागरूकता के लिए कार्य किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर एनएसएस अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी मिश्रा व डॉ. नेहा वार्ष्णेय ने युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, यातायात पुलिस प्रशासन, एनएसएस विभाग, नेहरू युवा केन्द्र और कॉलेज प्राचार्या का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों छात्राओं की सहभागिता का आश्वासन दिया।

### प्रियूषी शर्मा 3 हजार मीटर दौड़ में शामिल

**बेधड़क** | जयपुर




जयश्री पेड़ीवाल स्कूल की कक्षा 11वीं की स्टूडेंट प्रियूषी शर्मा ने खेलो इंडिया की आयोजित तीन हजार मीटर दौड़ में स्थान बनाया है। प्रियूषी इस श्रेणी में ऑल ओवर इंडिया सीबीएसई स्कूल से चयनित होने वाली एकमात्र एथलीट हैं। प्रियूषी ने लगातार चार वर्ष तक अभ्यास के बाद यह सफलता हासिल की है। स्कूल चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने बताया कि प्रियूषी की सफलता न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है। स्कूल की ओर से भी स्टूडेंट्स को खेलों के क्षेत्र में विकास के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने इस अवसर पर प्रियूषी शर्मा को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

### देश के हित में राष्ट्रभक्त विद्यार्थी तैयार करें शिक्षक

**जयपुर**। राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) का प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन आगरा रोड स्थित एक निजी कॉलेज में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा मोतीलाल मीणा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएमएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डॉ. रामकेश सिंह परमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भाजपा मोतीलाल मीणा ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र की धुरी हैं। सरकार की हर योजना को क्रियान्वित करने में शिक्षकों का अहम योगदान है। उन्होंने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं सरकार तक संगठन की मांगें पहुंचाने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. रामकेश सिंह परमार ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण हैं। उन्होंने मंच से शिक्षकों की लंबित मांगों में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए नीति बनाकर स्थानांतरण खोलने की पहल का समर्थन किया।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण करने, शिक्षकों की डीपीसी करवाने एवं गैर शैक्षणिक कार्यों एवं बीएलओ ड्यूटी से शिक्षकों को मुक्त रखने सहित अन्य मांगें दोहराईं। कार्यक्रम में प्रदेश एवं समस्त जिलों के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया। संरक्षक मोहन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एमिटी यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह: मिलीं डिग्रियां

# खुशी और उत्साह के बीच आया चिर प्रतीक्षित पल

**बेधड़क** | जयपुर




बरसों की मेहनत का गौरव से भरा परिणाम जब हाथ में आया तो स्टूडेंट्स के चेहरों पर खुशी और बेहतर भविष्य की उम्मीद की चमक तैर गई। मौका था एमिटी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह का, जिसमें यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों के 942 ग्रेजुएट्स को डिग्री दी गई। एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान ने अपना 13वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को मनाया। कार्यक्रम में एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान के चेयरपर्सन डॉ. असीम चौहान भी शामिल हुए। डॉ. असीम चौहान ने इस अवसर पर कहा कि नवाचार प्रगति की आधारशिला है।

उन्होंने रचनात्मकता और निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. चौहान ने छात्रों के लिए एक इनोवेटिव लर्निंग एनवायरमेंट प्रदान करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई, जिसका लक्ष्य उन्हें उभरते वैश्विक परिदृश्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) अमित जैन ने एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान की ओर से 2023-24 के दौरान शैक्षणिक और अनुसंधान उपलब्धियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए पब्लिकेशन, रिसर्च, अवाड्र्स, अचीवमेंट्स, स्टूडेंटस एक्टिविटिज, प्लेसमेंट के बारें में जानकारी साझा की। प्रो. वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) जीके आसेरी ने इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल की रिपोर्ट पर प्रकाश डाला।

### 60 स्टूडेंट्स को पीएचडी, 80 को मिले मेडल

दीक्षांत समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर, दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर 942 स्नातकों को डिग्री प्रदान की गई। इनमें 60 पीएचडी डिग्री, 80 मेडल, 88 साल्वर्स और ऑल-राउंडर ट्रॉफी भी प्रदान की गई। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. नितिन भारद्वाज ने डिग्री पाने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें आगे आने वाले अवसरों और चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित किया। एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान की ओर से बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ साइंटिफिक रिसर्च, जयपुर के कार्यकारी निदेशक प्रो. पूर्णेंदु घोष और मेजर जनरल जेकेएस परिहार को डॉक्टरेट की मानद उपाधि (डीएससी) प्रदान की गई। राजस्थान की कल्चर एंबेसडर तृप्ति पांडे और अमोल फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड (एपीपीएल), जयपुर के प्रबंध निदेशक संदीप सपरा को मानद प्रोफेसरशिप से सम्मानित किया गया






## पोद्दार इंस्टीट्यूट एलुमनी स्नेह मिलन

# दोस्तों ने बांटी 45 साल पुरानी कैंपस की यादें



**बेधड़क** | जयपुर

बरसों पुराने साथी जब एक दूसरे से मिले तो पुराना समय उनकी आंखों में झिलमिला उठा। पोद्दार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के 1977-79 एमबीए बैच के स्टूडेंट्स का 45वां स्नेह मिलन समारोह अशोक क्लब में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जयपुर व देश के अन्य भागों के साथ ही विदेशों से भी लोग शामिल हुए और अपने पुराने साथियों के साथ यादें ताजा कीं।

पासिंग आउट के 45वें वर्ष में अमेरिका के मिशिगन से आईं डॉ. रशम सेकरी की पहल पर आयोजित इस गेट टुगेदर में संस्थान के कई पुराने स्टूडेंट्स अपने स्पाउस के साथ पहुंचे। सेवानिवृत्त आईएएस डॉ.अजय सिंह चित्तौड़ा ने सभी का स्वागत कर कार्यक्रम की रोमांचक शुरूआत की। संस्थान के 1979 बैच के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप शर्मा ने औपचारिक केक काटकर जश्न को दोगुना कर दिया। सऊदी अरब में सेवानिवृत्त प्रबंधन प्रोफेसर, एएमयू, दयानंद विश्वविद्यालय, अजमेर के पूर्व डीन डॉ. अज़हर काजमी की ग़जलों और गीतों ने समारोह में समा बांध दिया। संस्थान में 1978 बैच के छात्र रहे आईएफएस गौरीशंकर ने सभी को स्मृति चिन्ह वितरित किए।

### बिछड़े साथियों की याद ने किया भावुक

डॉ.कुलदीप शर्मा कोविड के दौरान अपनी पिछली बीमारी के कारण भावुक हो गए। उन्होंने उन 5 बैचमेट्स को भी श्रद्धांजलि दी जो पिछले 45 वर्षों में दुनिया छोड़ चुके थे। संस्थान के कुछ बैचमेट अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्री, बैंक ऑफ राजस्थान, जनरल मोटर्स, यूएसए, सियाराम मिल्स, भारतीय रेलवे, आरएफसी, भारतीय वायु सेना आदि में शीर्ष स्थान पर रहे हैं। इस बैच में कुल 27 लोग शामिल थे जिनमें से 22 अभी जीवित हैं। इनमें से 12 बैचमेट इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### विमुक्ति संस्थान के बच्चों के लिए भेंट की बीपी जांच मशीन

**जयपुर**। क्रैक द वेलनेस कोड फाउंडेशन की ओर से विमुक्ति संस्थान को बच्चों के बीपी को ट्रैक करने में सहायता के लिए स्वचालित बीपी मशीन भेंट की गई। विमुक्ति के तीन सौ स्टूडेंट्स के लिए आयोजित स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम में फाउंडेशन के सदस्यों ने मशीन भेंट की। विमुक्ति की प्राचार्य ज्योति ने बताया कि टीएचए के सहयोग से सीडब्ल्यूसी द्वारा शुरू किया गया सीएसएचपी कार्यक्रम अच्छा चल रहा है। फाउंडेशन के एमडी सीईओ विंग कमांडर काला ने कक्षाओं का दौरा किया और छात्रों से बातचीत की। उन्होंने बच्चों ने विभिन्न प्रश्न भी पूछे।

**अभिनंदन** | संस्कृत में शपथ लेने वाले विधायकों का किया सम्मान

# संस्कृत देव भाषा ही नहीं, हमारे विज्ञान की भी जबां

**बेधड़क** | जयपुर

संस्कृत भारती की ओर से संस्कृत भाषा में शपथ लेने वाले 21 विधायकों का सम्मान किया गया। त्रिवेणी नगर में आयोजित किए गए समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी थे। अध्यक्षता शिक्षा और संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने की। विशिष्ट अतिथि मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग थे।

देवनानी ने इस अवसर पर कहा कि संस्कृत हमारी देव भाषा ही नहीं बल्कि हमारे विज्ञान की भाषा भी है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मेरी कोशिश यह रहती है कि मैं संस्कृत में संभाषण कर सकूं। संस्कृत भाषा के बिना भारत भारत नहीं है। संस्कृत भारत की आत्मा है, आज हमें संस्कृत भाषा को बढ़ाने की आवश्यकता है। सरकार संस्कृत और संस्कृति के संवर्धन व संरक्षण के लिए कार्य करेगी। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक सुदेश कुमार शर्मा, संस्कृत भारती जयपुर प्रान्त अध्यक्ष हरिशंकर भारद्वाज, प्रचार प्रमुख डॉ. रघुवीर शर्मा, जयपुर प्रांत मंत्री कृष्ण कुमार, प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख डॉ. घनश्याम हरदेनियां व डॉ. शिवचरण शर्मा सहित सैकड़ों संस्कृतनुरागी उपस्थित थे।





### IIT जैसे संस्थानों में भी संस्कृत शिक्षक

मुख्य वक्ता संस्कृत भारती के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख श्रीश देवपुजारी ने मांग की कि नूतन शिक्षा नीति का क्रियान्वयन राजस्थान में शीघ्र किया जाए। नई शिक्षा नीति के अनुसार षष्ठी कक्षा से आरम्भ होकर शिक्षा के अंतिम चरण तक छात्र कोई भी संविधान मान्य भाषा, भाषा के रूप में अथवा विषय के नाते पढ़ सकता है। इसलिए शासन यह सुनिश्चित करे कि सभी सामान्य विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में एक संस्कृत का शिक्षक या प्राध्यापक छात्रों को संस्कृत पढ़ाने के लिए उपलब्ध हो। ऐसा BHU, IIT खड़गपुर, IIT मुम्बई एवं NIT नागपुर ने किया है। सभी स्तरों के संस्कृत के शिक्षक कक्षा में संस्कृत माध्यम में पढ़ावें ऐसा भी आग्रह नई शिक्षा नीति में किया गया है। इसके क्रियान्वयन के लिए हर वर्ष सभी संस्कृत माध्यम में पढ़ाने में अक्षम शिक्षकों का प्रशिक्षण जरूरी है।

# विजय के बाद राम विमान से आए थे अयोध्या



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ राम की पुरातन एवं सनातन ऐतिहासिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की स्थापना भी हो जाएगी। अब विभिन्न रामायणों में दर्ज उस विज्ञान की वैज्ञानिकताओं को भी मान्यता देने की जरूरत है, जिन्हें वामपंथी पूर्वाग्रहों के चलते वैज्ञानिक एवं बुद्धिजीवी न केवल नकारते रहे हैं, बल्कि इनकी ऐतिहासिकता को भी कपोल-कल्पित कहकर उपहास उड़ाते रहे हैं। अतऐव यह समय प्राचीन भारतीय विज्ञान के पुनरुत्थान का भी काल है। क्योंकि रामायण और महाभारत कथाएं नाना लोक स्मृतियों और विविध आयामों में प्रचलित बनी रहकर वर्तमान हैं। इनका विस्तार भी सार्वभौमिक है। देश-दुनिया के जनमानस में राम-कृष्ण की जो मूर्त-अमूर्त छवि बनी हुई है। शायद इसीलिए भवभूति और कालिदास ने रामायण को इतिहास बताया। वाल्मीकि रामायण और उसके समकालीन ग्रंथों में 'इतिहास' को 'पुरावृत्त' कहा गया है। गोया, कालिदास के 'रघुवंश' में विश्वामित्र राम को पुरावृत्त सुनाते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने रामायण को महाकाव्यात्मक इतिहास की श्रेणी में रखा है। जबकि इन ग्रंथों में विज्ञानसम्मत अनेक ऐसे सूत्र व स्त्रोत मौजूद हैं, जिनके जरिए नए आविष्कार की दिशा में बढ़ा जा सकता है। विज्ञानसम्मत अंषों को संकलित कर पाठ्यक्रमों में शामिल करने की जरूरत है। ऐसा करने से मेधावी छात्रों में विज्ञानसम्मत महात्वाकांक्षा जागेगी और भारतीय जीवन-मूल्यों के इन आधार ग्रंथों से मिथकीय आध्यात्मिकता की धूल झाड़ने का काम भी संपन्न होगा। वैसे भी ज्यादातर रामायणों उल्लेख है की भगवान राम लंका विजय के बाद माता सीता, भाई लक्ष्मण, हनुमान और सुग्रीव के साथ पुष्पक विमान में बैठकर अयोध्या पहुंचे थे।

इतिहास तथ्य और घटनाओं के साथ मानव की विकास यात्रा की खोज भी है। यह तय है कि मानव, अपने विकास के अनुक्रम में ही वैज्ञानिक अनुसंधानों से सायास-अनायास जुड़ता रहा है। ये वैज्ञानिक उपलब्धियां या आविष्कार रामायण, महाभारतकाल मे उसी तरह चरमोत्कर्ष पर थे, जिस तरह ऋग्वेद के लेखन-संपादन काल के समय संस्कृत भाषायी विकास के शिखर पर थी। रामायण का शब्दार्थ भी राम का 'अयण' अर्थात 'भ्रमण' से है। तीन सौ रामायण और अनेक रामायण विषयक संदर्भ गंथ, जिनके प्रभाव को नकारने के लिए पाउला रिचमैन ने 1942 में 'मैनी रामायणस द डाइवर्सिटी आफ ए नैरेटिव ट्रेडिशन इन साउथ एशिया' लिखी और एके रामानुजन ने 'थ्री हंड्रेड' रामायण फाइव एग्जांपल एंड थ्री थॉट्स आन ट्रांसलेशन' निबंध लिख कर अनर्गल अंशों को गढ़कर सच्चाई को झुठलाया। जबकि इन्हीं रामायणों, रामायण विषयक संदर्भ ग्रंथों और मदन मोहन शर्मा शाही के बृहद् उपन्यास से विज्ञानसम्मत आविष्कारों की पड़ताल की जा सकती है। रामायण एकांगी दृष्टिकोण का वृतांत भर नहीं है। इसमें कौटुम्बिक सांसारिकता है। राज-समाज संचालन के कूट-मंत्र हैं.... भूगोल है। वनस्पति और जीव जगत हैं... राष्ट्रीयता है। राष्ट्र के प्रति उत्सर्ग का चरम है... अस्त्र-शस्त्र हैं। यौद्धिक कौशल के गुण हैं.... भौतिकवाद है। कणाद का परमाणुवाद है। सांख्य दर्शन और योग के सूत्र हैं। वेदांत दर्शन है और अनेक वैज्ञानिक उपलब्धियां हैं। गांधी का राम-राज्य और पं. दीनदयाल उपाध्याय के आध्यात्मिक भौतिकवाद के उत्स इन्हीं रामायणों में हैं। वास्तव में रामायण और उसके परवर्ती ग्रंथ कवि या लेखक की कपोल-कल्पना न होकर तात्कालिक ज्ञान के विश्व कोश हैं। जर्मन विद्वान मैक्समूलर ने तो ऋग्वेद को कहा भी था कि यह अपने युग का विश्व-कोश है। अर्थात 'एन-साइक्लोपीडिया ऑफ वर्ल्ड !

> “किंवदंती यह भी है कि गौतम बुद्ध ने भी वायुयान द्वारा तीन बार लंका की यात्रा की थी। ऐरिक फॉन डानिकेन की किताब 'चैरियट्स ऑफ गॉड्स' में तो भारत समेत कई प्राचीन देशों से प्रमाण एकत्रित करके वायुयानों की तात्कालीन उपस्थिति की पुष्टि की गई है। इसी प्रकार डॉ. ओंकारनाथ श्रीवास्तव ने अनेक पाश्चात्य अनुसंधानों के मतों के आधार पर संभावना जताई है कि रामायण में अंकित हनुमान की यात्राएं वायुयान अथवा हेलीकॉप्टर की यात्राएं थीं या हनुमान 'राकेट-बेल्ट' बांधकर आकाश गमन करते थे।”

वाल्मीकि रामायण एवं नाना रामायणों तथा अन्य ग्रंथों में 'पुष्पक-विमान' के उपयोग के विवरण हैं। इससे स्पष्ट होता है, उस युग में राक्षस व देवता न केवल विमान-शास्त्र के ज्ञाता थे, बल्कि सुविधायुक्त आकाशगामी साधनों के रूप में वाहन उपलब्ध थे। रामायण के अनुसार पुष्पक-विमान के निर्माता ब्रह्मा थे। ब्रह्मा ने यह विमान कुबेर को भेंट किया था। कुबेर से इसे रावण ने छीन लिया। रावण की मृत्यु के बाद विभीषण इसका अधिपति बना और उसने फिर से इसे कुबेर को दे दिया। कुबेर ने इसे राम को उपहार में दे दिया। राम लंका विजय के बाद अयोध्या इसी विमान से पहुंचे थे।

रामायण में दर्ज उल्लेख के अनुसार पुष्पक-विमान मोर जैसी आकृति का आकाशचारी विमान था, जो अग्नि-वायु की समन्वयी ऊर्जा से चलता था। इसकी गति तीव्र थी और चालक की इच्छानुसार इसे किसी भी दिशा में गतिशील रखा जा सकता था। इसे छोटा-बड़ा भी किया जा सकता था। यह सभी ऋतुओं में आरामदायक यानी वतानुकूलित था। इसमें स्वर्ण-खंभ, मणि निर्मित दरवाजे, मणि-स्वर्णमय सीढ़ियां, वेदियां (आसन) गुप्त-गृह, अट्टालिकाएं (केबिन) तथा नीलम से निर्मित सिंहासन (कुर्सियां) थे। अनेक प्रकार के चित्र एवं जालियों से यह सुसज्जित था। यह दिन और रात दोनों समय गतिमान रहने में समर्थ था। इस विवरण से ज्ञात होता है, यह उन्नत प्रौद्योगिकी और वास्तुकला का अनूठा नमूना था। 'ऋग्वेद' में भी चार तरह के विमानों का उल्लेख है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## श्रीराम के मर्यादा पुरुषोत्तम बनने में गुरु का विशेष महत्व

# श्रीराम को गुरु से मिला आदर्श ज्ञान



**डॉ. अमित वर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> “भगवान राम के जीवन में गुरु का विशेष महत्व है। हिंदू शास्त्र में एक से बढ़कर एक महान गुरु शिक्षक रहे हैं। वहीं धर्म के मार्ग पर चलने वाले भगवान राम ने भी गुरु से शिक्षा प्राप्त की और उन्हीं के मार्गदर्शन को अपने जीवन में अपनाया। गुरु के बिना भगवान राम कभी भी मर्यादा पुरुषोत्तम न बन पाते। जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है। गुरु का महत्व आज से ही नहीं, बल्कि पुराने समय से ही सर्वोपरि रहा है।”

राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली-गली। ले-लो रे कोई राम का प्यारा, शोर मचाऊं गली-गली। भगवान राम को समर्पित यह प्रसिद्ध भजन हमारे मन को बहुत आनंद देता है। राम नाम ही अपने आप में सर्वोत्तम है। राम का नाम लेने से सारी पीड़ाएं और कष्ट कम हो जाते हैं। भगवान राम जो कि भगवान विष्णु के अवतार हैं, वह पूरे संसार के पालनहारे हैं। भगवान राम का नाम जगत में सारी पीड़ा को हरने वाला है। भगवान राम को आदर्शवादी महान राजा और एक अच्छे पुत्र के व्यक्तित्व को आज भी याद किया जाता है। संत तुलसीदास ने रामचंद्र जी के गुणों का बखान अपने अनेक दोहों में किया है।

22 जनवरी, 2024 को बरसों के इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर में रामलला पधारेंगे। ये भव्य दृश्य देखने के लिए प्रत्येक सनातनी और हिंदू का मन भी यकीनन ललचा रहा होगा। आखिर उनके स्वागत में सिर्फ अयोध्या ही नहीं, पूरा भारत जश्न मना रहा है, चारों ओर राजा राम के नाम की गूंज है। हो भी क्यों ना, बरसों के वनवास के बाद सबके दुलारे राजा राम अपने धाम में विराजेंगे। अयोध्या में रामलला का स्वागत जोर-शोर से करने के लिए विदेशों तक निमंत्रण भेजा गया है। भगवान श्रीराम, जिन्हें सर्वशक्तिमान के रूप में पूजा जाता है, वे आदर्श मानवता के अद्भुत प्रतीक माने जाते हैं। उनके जीवन के अनेक पहलुओं ने हमें यह सिखाया है कि कैसे सत्य, न्याय, और प्रेम का पालन करके हम सभी एक उच्च और समृद्ध जीवन जी सकते हैं।

राम मंदिर उद्घाटन से पहले आइए जानते हैं मर्यादा पुरुषोत्तम राजा राम के जीवन के कुछ खास और अनसुने किस्से, जिनसे हम प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। रामलला अयोध्या आएंगे तो 22 जनवरी को ही देश में हम सभी मिलकर दिवाली मनाएंगे। सत्य और न्याय के पुजारी रामलला ने अपने जीवन में विभिन्न परीक्षणों का सामना किया, लेकिन उन्होंने हमेशा धरती पर आए राम के रूप में अपनी भक्तों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बना रखा है।

**भगवान श्रीराम के जीवन का संदेश हमें यह सिखाता है कि धरती पर आने का मतलब सत्य, न्याय और प्रेम का पालन करना है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के इस पवित्र अवसर पर हम सभी मिलकर श्रीराम के अद्वितीय चरित्र की महिमा को याद करते हुए उनके आदर्शों का पालन करने का संकल्प लेंगे।**



भगवान राम के जीवन में गुरु का विशेष महत्व है। हिंदू शास्त्र में एक से बढ़कर एक महान गुरु हुए रहे हैं। वहीं धर्म के मार्ग पर चलने वाले भगवान राम ने भी गुरु से शिक्षा प्राप्त की और उन्हीं के मार्गदर्शन को अपने जीवन में अपनाया। गुरु के बिना भगवान राम कभी भी मर्यादा पुरुषोत्तम न बन पाते। जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है। गुरु का महत्व आज से ही नहीं, बल्कि पुराने समय से ही सर्वोपरि रहा है। गुरु को हमेशा भगवान का दर्जा दिया गया है। व्यक्ति को माता-पिता के बाद जो भी कुछ सिखाया जाता है, वह गुरु द्वारा ही सिखाया जाता है। आम व्यक्ति ही नहीं भगवान भी गुरु में समर्पित रहे हैं।

भगवान श्रीराम ने ऋषि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि भारद्वाज व ब्रह्मर्षि अगस्त्य के शिष्य के रूप में अपनी समस्त शिक्षा प्राप्त की थी। महर्षि विश्वामित्र भगवान राम के गुरु थे, जिन्होंने त्रेता युग में भगवान श्रीराम को धनुर्विद्या और शास्त्र विद्या का ज्ञान दिया था। भगवान राम को परम योद्धा बनाने के पीछे विश्वामित्र ही थे। भगवान राम के पास जितने भी दिव्य शास्त्र थे, वे सब विश्वामित्र के ही दिए हुए थे। हिंदू शास्त्र के अनुसार महर्षि विश्वामित्र को त्रेता युग का सबसे बड़ा आयुध आविष्कारक माना जाता है। वहीं ऋषि वशिष्ठ ने भगवान राम को राजपाट संभालने का ज्ञान दिया था। इसके साथ ही वेदों की भी शिक्षा ऋषि वशिष्ठ ने ही भगवान राम को दी थी। यही नहीं, भगवान राम का राज्याभिषेक भी ऋषि वशिष्ठ के हाथों ही हुआ था। ऋषि वशिष्ठ का भगवान राम के जीवन में विशेष महत्व है।

वहीं महर्षि भारद्वाज ने भगवान राम को विमान का ज्ञान दिया था। भारद्वाज ऋग्वेद के छठे मंडल के ऋषि रूप में विख्यात हैं। रामायण के अनुसार, भगवान श्रीराम ने महर्षि भारद्वाज के से ही परामर्श पर वनवास की अवधि में चित्रकूट में वास किया था। लंका विजय के उपरांत लौटते समय भी भगवान राम इनके आश्रम में रुके थे। भगवान राम के जीवन में ब्रह्मर्षि अगस्त्य का भी विशेष महत्व है। ब्रह्मर्षि अगस्त्य एक वैदिक ऋषि थे। रामायण के अनुसार, रावण के साथ युद्ध करते हुए जब राम थक जाते हैं और हताश होकर बैठ गए थे, तब ब्रह्मर्षि अगस्त्य ने ही उनका हौसला बढ़ाया था।

भगवान श्रीराम ने अपने गुरुओं को प्रेरणास्त्रोत रखने के साथ ही अपने आदर्शों के माध्यम से भी हमें सिखाया है कि कैसे हमें अपने जीवन में सच्चाई और सही मार्ग का पालन करना चाहिए। उनका उदाहरण हमें यह सिखाता है कि चुनौतियों का सामना करते हुए भी हमें सही मार्ग पर चलना चाहिए और आदर्शों के प्रति निष्ठा बनाए रखनी चाहिए। हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके आदर्शों का पालन करेंगे और उनके द्वारा सिखाए गए मूल्यों को अपनी जिंदगी में अपनाएंगे। विपत्तियों का सामना करते हुए भी राम ने धरती पर आए रामलला का आभास दिलाया। उनके वचन सदा ही उनके भक्तों के दिलों में बसे रहते हैं।

रामलीला की कथाएं हमें उनके अद्वितीय चरित्र के प्रति आदर्श बनाती हैं और हमें सार्थक जीवन की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। श्रीराम ने अपने अनुयायियों को सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उनके वचन सत्य ही शिक्षक हैं, जिन्होंने अनगिनत लोगों के दिलों को छू लिया है। आज हम सभी भक्त श्रीराम जी की पूजा-अर्चना में लिपटे हुए हैं और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका संदेश हमें यह सिखाता है कि धरती पर आने का मतलब सत्य, न्याय और प्रेम का पालन करना है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के इस पवित्र अवसर पर हम सभी मिलकर श्रीराम के अद्वितीय चरित्र की महिमा को याद करते हुए उनके आदर्शों का पालन करने का संकल्प लेंगे। भगवान श्रीराम की कृपा हमें सदैव मिलती रहे। जय श्रीराम।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# रीलस में जो मजा है, व्यंग्य में कहां!



**सुनील कुमार महला**
व्यंग्यकार

सोशल मीडिया के इस जमाने में रील्स बनाना एक फैशन हो गया है। इंस्टाग्राम रील्स तो इन दिनों भारी डिमांड में है। रील्स बनाने का फैशन इतना अधिक परवान चढ़ गया है कि शहर से लेकर गांव-गरीब की कुटिया, खेतों, चौराहों, सड़कों जहां मन चाहे वहां रील्स बनाने का धंधा चल पड़ा है। ठेठ गांव के लोग जिन्हें रील्स के 'आर' के बारे में भी जानकारी नहीं है, इंस्टाग्राम रील्स को मॉनिटाइज्ड करके अच्छे भले व्यूज और लाइक्स प्राप्त कर अच्छी भली कमाई तक कर रहे हैं। इन रील्स के फ्रंट में शार्ट टेक्स्ट, कलर्ड और क्रिएटिव कैप्शन, डिस्क्रिप्शन में रील डिटेल, टैगिंग और हैशटैग इतनी शानदार होती है कि कभी कभी हम यह सोचते हैं कि हम भी लिखने की बजाय रील्स बनाने के धंधे में स्वयं को आज़मा लें। वैसे भी आजकल के जमाने में व्यंग्यों को पढ़ता ही कौन है? क्योंकि लोग अखबार पढ़ने की बजाय रील्स देखने में ज्यादा व्यस्त रहते हैं। लिखने में कुछ गड़बड़ी हो जाये तो संपादक जी लेखक को छापते नहीं है लेकिन रील्स बनाने में ऐसा कोई चक्कर नहीं है। गड़बड़ी वाली रील्स अन्य रील्स की तुलना में ज्यादा वायरल होती हैं। वो क्या है कि कल रात को ही हमने एक सुंदर युवा लड़की की रील देखी। रील खत (पत्र) को लेकर थी और गाना था-'हमने सनम को ख़त लिखा...!' खत वाली इस रील पर लाखों लाइक्स, कमेंट और शेयर थे। हैरानी की बात है कि जिस खत को लड़की दर्शकों को दिखाना चाहती थी, वह खत निकालते निकालते ही रील का टाइम खत्म हो गया। रील बन गई लेकिन लड़की अपने ही छिपाये गये खत को नहीं निकाल पाई और शरमा गई। जो ऊटपटांग है, वो वायरल है।

अब देखिए न, एक दूसरी लड़की एक रील में दर्शकों से पूछ रही थी- 'देखो भैय्या! हमें ऐसे बताओ कि वहां कश्ती कैसे डूबी जहां पानी कम था?' वो एक व्यक्ति ने कुछ दिन पहले फुटबॉल के झरने से टकराने का 30 सेकंड का वीडियो अपलोड किया था। पहले दिन इसे दस लाख बार देखा गया और अब तक 350 मिलियन से भी अधिक बार देखा जा चुका है। हम जो आर्टिकल अखबार के लिए लिखते हैं उसको 350 आंखें भी नहीं देखती होंगी। लाइक्स , शेयर तो छोड़िए। हमें तो लगता है कि रील्स बनाने वाले आपदा को अवसर में बदलते है और हम हैं कि 'धंधा करो तो बड़ा करो' से दूर-दूर रहते हैं। अब भले ही कोई मेट्रो वाले रील्स बनाने वालों के लिए यह लिखें कि 'कला का सफर मंच तक है, मेट्रो में नहीं।', लेकिन सच बात तो यह है कि कला का सफर रील्स बनाने में ही है। व्यंग्य लिखने में तो कतई नहीं।

## नॉलेज कॉर्नर: पानी के बिना भी दुनिया के संपन्न देशों में शुमार

# सऊदी अरब में नहीं है कोई नदी...

सऊदी अरब, जहां की धरती रेतीली है और जलवायु उष्णकटिबंधीय मरुस्थल। यहां तेल तो भारी मात्रा में है, जिसकी वजह से यह देश अमीर भी बना है, लेकिन यहां पानी की भारी कमी है या यूं कहें कि इस देश में पीने लायक पानी है ही नहीं। पानी के बिना धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। बिना पानी के हमारी पूरी दिनचर्या पर भी फर्क पड़ता है। लेकिन सऊदी अरब में एक भी नदी है, न झील। पानी का कुआं है पर उसमें पानी नहीं है। यहां सोना तो है, लेकिन पानी नहीं। तो अब सवाल ये उठता है कि आखिर सऊदी अरब पीने के लिए पानी कहां से लाता है? वहां के लोग अपनी पानी की जरूरत को कैसे पूरा करते होंगे। तो चलिए इसके पीछे की हैरान करने वाली सच्चाई जान लेते हैं।

### एक फीसदी जमीन ही खेती के लायक

इस देश की महज एक फीसदी जमीन ही खेती के लायक है और उसमें भी कुछ-कुछ सब्जियां ही उगाईं जाती हैं, क्योंकि धान और गेहूं जैसी फसलें उगाने के लिए उसे भारी मात्रा में पानी की जरूरत पड़ेगी। हालांकि एक बार यहां गेहूं की खेती शुरू की गई थी, लेकिन पानी की कमी के चलते बाद में उसे ये बंद करनी पड़ी। सऊदी को अपना खाने-पीने का सारा सामान विदेशों से ही खरीदना पड़ता है। सऊदी अरब के पास अब भूमिगत जल थोड़ा बहुत ही बचा है और वो भी बहुत नीचे है, लेकिन कहा जा रहा है कि आने वाले कुछ सालों में वो भी पूरी तरह खत्म हो जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहले यहां पानी के बहुत सारे कुएं थे, जिनका इस्तेमाल हजारों सालों से होता आ रहा था, लेकिन जैसे-जैसे आबादी बढ़ती गई, भूमिगत जल का दोहन भी यहां बढ़ता गया। इसका नतीजा ये हुआ कि धीरे-धीरे कुंओं की गहराई बढ़ती गई और कुछ ही सालों में कुएं पूरी तरह सूख गए।



### समुद्र के पानी को पीने लायक बनाना

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब तेल से हुई बेशुमार कमाई का एक हिस्सा तो समुद्र के पानी को पीने लायक बनाने में ही खर्च कर देता है। 2009 के एक आंकड़े के मुताबिक, उस समय एक क्यूबिक मीटर पानी से नमक अलग करने में 2.57 सऊदी रियाल यानी करीब 50 रुपए खर्च होते थे। इसके अलावा ट्रांसपोर्टिंग का खर्च भी 1.12 रियाल प्रति क्यूबिक मीटर लग जाता था। अब तो यह खर्च बढ़ भी गया होगा, क्योंकि यहां पानी की मांग हर साल बढ़ती जा रही है।

**पानी पर अधिक खर्च**

*सऊदी अरब विश्व के नक्शे पर एक ऐसा देश है जहां एक भी नदी या झील भी नहीं है। लेकिन फिर भी वह सम्पन्न देशों में शुमार है। यहाँ तक की सऊदी अरब में बारिश भी न के बराबर यानी प्रतिवर्ष सिर्फ एक से दो दिन ही होती है। बारिश न होने से भूमिगत जल भी रिचार्ज नहीं हो पाता।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

## X



**राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री
@DefenceMinIndia
भारत के सीमावर्ती इलाकों में BRO ने जिस प्रकार से basic infrastructure का निर्माण किया है, सड़कों, पुलों इत्यादि के माध्यम से जिस तरह से, एक जगह को दूसरे जगह से जोड़ने का काम किया है, वह कोई साधारण बात नहीं है। मेरी दृष्टि में यह connectivity सिर्फ भौगोलिक क्षेत्रों को ही नहीं, बल्कि लोगों के दिलों को जोड़ने में भी सहायक हुई है।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
मस्तक ऊंचा हुआ मही का,
धन्य हिमालय का उत्कर्ष।
हरि का क्रीड़ा-क्षेत्र हमारा,
भूमि-भाग्य-सा भारतवर्ष॥



**अरविंद केजरीवाल,** मुख्यमंत्री दिल्ली
@ArvindKejriwal
दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों, उन्हें पढ़ाने वाले टीचर्स और स्कूलों को साल 2023 के लिए Excellence Award For Education कार्यक्रम में आज सम्मानित किया।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा: भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर बरसे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष

# कांग्रेस चाहती है-दिल्ली से नहीं, गुवाहाटी से चले असम सरकार: राहुल

## असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा पर प्रहार

**एजेंसी** | गुवाहाटी

भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर असम पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस का कहना है कि हिंदुस्तान पर एक भाषा और एक नेता के जरिए दिल्ली से शासन होना चाहिए। राहुल ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा पर पर भी प्रहार किया।

राहुल गांधी ने गोमुख में एक जनसभा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा और आरएसएस चाहती है कि हिंदुस्तान के प्रदेशों को दिल्ली से चलाया जाना चाहिए लेकिन हमारा मानना है कि असम को दिल्ली से नहीं बल्कि असम से ही चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस- भाजपा और दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी।

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आपके जो मुख्यमंत्री हैं, हिंदुस्तान के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। ये भाजपा के बाकी मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार करना सिखा सकते हैं और एक बात और सुनिए, ये मत सोचिए कि ये असम के लिए काम करते हैं। वह असम के लिए काम नहीं करते, बल्कि पीएम मोदी उन्हें जो कुछ भी कहते हैं, वे बस वही करते हैं। ज्ञात रहे कि न्याय यात्रा मणिपुर से शुरू हुई थी।



### मणिपुर में हिंसा और नफरत

राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत मणिपुर से इसलिए की, क्योंकि वहां महीनों से हिंसा और नफरत जारी है। वहां लोग मारे जा रहे हैं और संपत्तियों को जलाया जा रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री वहां नहीं जाते। पीएम मणिपुर इसलिए नहीं जाते, क्योंकि अगर वह वहां गए तो भाजपा की सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि हम देश को संदेश देना चाहते हैं कि जो उत्तर पूर्वी राज्य हैं, वो हिंदुस्तान के बाकी राज्यों जितने जरूरी हैं। पूर्वोत्तर के राज्यों का जो इतिहास है, जो भाषाएं हैं, जो संस्कृति है, उनकी रक्षा करना हिंदुस्तान के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है।

### नाव से पार की ब्रह्मपुत्र नदी

राहुल गांधी ने अपनी न्याय यात्रा के छठे दिन शुक्रवार को नाव से ब्रह्मपुत्र नदी पार की और असम के एक द्वीप माजुली के लिए रवाना हुए। कांग्रेस ने राहुल का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वह साथी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ ब्रह्मपुत्र में नाव पर सवार दिखे।

---

## राहुल की सदस्यता बहाली के खिलाफ याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने निरर्थक याचिकाएं दाखिल करने को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल करने वाली अधिसूचना को रद्द करने के अनुरोध संबंधी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी और याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। उच्चतम न्यायालय ने 'मोदी' उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि मामले में चार अगस्त, 2023 को उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगा दी थी।

## राम रहीम को फिर मिली 50 दिन की पैरोल



**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख और बलात्कार के मामले में दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह को 50 दिन की पैरोल दी गई है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 29 दिन पहले ही राम रहीम फरलो काट दोबारा जेल लौटे थे, लेकिन अब एक बार फिर से वह जेल से बाहर आएंगे।

पैरोल अवधि के दौरान राम रहीम उत्तर प्रदेश में बागपत के बरनावा स्थित डेरा सच्चा सौदा आश्रम जाएगा। जानकारी के अनुसार, राम रहीम को पत्रकार हत्याकांड और रेप केस में 2017 में सजा हुई थी। अब तक उसे 9 बार पैरोल और फरलो मिल चुकी है। पहली बार 24 अक्टूबर 2020 को एक दिन की पैरोल दी गई थी। इस दौरान राम रहीम की मां बीमार थी और वह उनसे मिलने गया था।

---

### एक राष्ट्र एक चुनाव पर कांग्रेस अध्यक्ष का कोविंद समिति को पत्र...

# देश में एक साथ चुनाव कराने की अवधारणा का स्थान नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने एक देश , एक चुनाव को लेकर शुक्रवार को अपना रुख साफ कर दिया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि संसदीय शासन व्यवस्था को अपनाने वाले देश में एक साथ चुनाव की अवधारणा के लिए कोई स्थान नहीं है तथा उनकी पार्टी इस विचार का पुरजोर विरोध करती है।

खरगे ने इस के विषय पर सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर यह बात कही है। खरगे का समिति के सचिव नीतेन चंद्र को भेजे सुझाव में यह भी कहना था कि एक साथ चुनाव कराने का विचार संविधान की मूल संरचना के खिलाफ है और यदि एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू करनी है, तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की आवश्यकता होगी।

उन्होंने पत्र में कहा, एक साथ चुनाव का ऐसा प्रारूप संविधान में निहित संघवाद की गारंटी के खिलाफ हैं।

ज्ञात रहे कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की ओर से सुझाव के लिए पिछले साल 18 अक्टूबर को कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखा गया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने 17 बिंदुओं में अपने सुझाव समिति के पास भेजे हैं।

खरगे ने कहा, सरकार और इस समिति को शुरू में ही इसको लेकर ईमानदार होना चाहिए था कि वे जो प्रयास कर रहे हैं वह संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध हैं और यदि एक साथ चुनाव लागू करना है तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी और देश के लोगों की ओर से मेरा उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष से अनुरोध है कि वे संविधान और संसदीय लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उनके व्यक्तित्व और भारत के पूर्व राष्ट्रपति के पद का दुरुपयोग न करने दें।

### कोविंद समिति ने राजनीतिक दलों से मांगे थे सुझाव



#### मजबूत लोकतंत्र के लिए इस विचार को छोड़ दिया जाए

खरगे ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का कड़ा विरोध करती है। एक संपन्न और मजबूत लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि इस पूरे विचार को त्याग दिया जाए।

#### ममता बनर्जी भी कर चुकी हैं विरोध

इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने समिति को पत्र लिखकर कहा था कि वह एक राष्ट्र, एक चुनाव के खिलाफ हैं। साल 1952 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए। ये कई सालों तक आगे जारी रहे, लेकिन बाद में कायम नहीं रह सके। बता दें कि कमेटी का काम लोकसभा, विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने की संभावना पर विचार करना है।

---

### केजरीवाल गोवा के दौरे पर

# गोवा की एक लोस सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है 'आप'

**एजेंसी** | पणजी



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि उनका पार्टी गोवा में लोकसभा की एक सीट पर चुनाव लड़ने की इच्छुक है और वह विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के साथ इस पर बातचीत कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आप काम की राजनीति कर रही है। अतीत में किसी ने भी काम की राजनीति नहीं की क्योंकि उनका इरादा केवल अपने लिए पैसा कमाना था। केजरीवाल गोवा के दौरे पर हैं।

केजरीवाल ने दक्षिण गोवा के बेनोलिम विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आप विपक्षी गठबंधन के हिस्से के रूप में गोवा सीट पर चर्चा कर रही है। एक बार कुछ तय हो जाने पर हम आपके पास वापस आएंगे। बातचीत जो भी हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार को वोट जरूर दें। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक, आप की गोवा इकाई के प्रमुख अमित पालेकर भी मौजूद थे।

ज्ञात रहे कि गोवा में लोकसभा की दो सीट हैं- उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा। केजरीवाल ने हालांकि यह नहीं बताया कि उनकी पार्टी दोनों में से किस सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार सफलतापूर्वक 550 'मोहल्ला क्लीनिक' संचालित कर रही है। ये क्लीनिक लोगों के लिए उनकी बुनियादी बीमारियों जैसे सर्दी, बुखार आदि के इलाज के लिए पड़ोस में स्थित स्वास्थ्य सुविधाएं हैं। ये वातानुकूलित क्लीनिक हैं और वहां आपको अच्छी सुविधाएं मिलती हैं। उन्होंने कहा कि बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार का कर्तव्य है। केजरीवाल ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गोवा सरकार पर निशाना साधा।

---

### अंबेडकर की 125 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

# यह सामाजिक न्याय की प्रतिमा:CM रेड्डी

**एजेंसी** | विजयवाड़ा

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को विजयवाड़ा के स्वराज मैदान में डॉ. बीआर अंबेडकर की 125 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश और अंबेडकर थीम पर आधारित एक विशाल ड्रोन शो आयोजित किया गया। प्रतिमा के निर्माण पर 400 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने इस प्रतिमा को सामाजिक न्याय की प्रतिमा करार दिया। अंबेडकर स्मृति वनम में यह प्रतिमा प्रतिमा 81 फीट ऊंची कंक्रीट के आसन



पर स्थापित की गई है। इसके अलावा परिसर में अंबेडकर अनुभव केंद्र, 2,000 सीटों वाला कन्वेंशन सेंटर, फूड कोर्ट, बच्चों के खेलने के लिए पार्क, म्यूजिकल फाउंटेन, वॉकवे और अन्य सुविधाएं भी हैं। इस प्रतिमा को स्टील फ्रेमिंग और कांस्य की क्लेडिंग के साथ बनाया गया है। इसकी 85 फीट की चौकी को बौद्ध वास्तुकला के आधार पर डिजाइन किया गया है और यह राजस्थान के गुलाबी बलुआ पत्थर से बनी है।

रेड्डी ने प्रतिमा के उद्घाटन से पहले एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, कि आज विजयवाड़ा में हम एक अमर समाज सुधारक की प्रतिमा का उद्घाटन कर रहे हैं, जिन्होंने हमारे देश में सदियों पुराने सामाजिक, आर्थिक और महिलाओं के इतिहास को बदल दिया।

उन्होंने कहा कि जब कोई अमेरिका के बारे में सोचता है तो स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी का ख्याल आता है, लेकिन अब से स्टैच्यू ऑफ सोशल जस्टिस की गूंज भारत में भी सुनाई देगी।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घाटन



**चेन्नई।** तमिलनाडु दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी ने शुक्रवार शाम चेन्नई में आयोजित समारोह में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी के साथ तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन भी थे। मोदी ने देश भर से आए एथलीटों से कहा, आप सब मिलकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की सच्ची भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्घाटन से पहले पीएम मोदी ने रोड शो के दौरान जनता का अभिवादन स्वीकार किया।

---

### UP: अखिलेश यादव व जयंत चौधरी की जुगलबंदी रहेगी कायम

# सपा व रालोद में सीटों के बंटवारे पर सहमति, मिलकर लड़ेंगे चुनाव

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव मद्देनजर समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर सहमति बन गई है। दोनों दलों की ओर से शुक्रवार को यह घोषणा की गई। सूत्रों के अनुसार रालोद 7 से 8 सीटों पर गठबंधन में लड़ेगा। सूत्रों के अनुसार रालोद के हिस्से में ज्यादातर पश्चिम उत्तर प्रदेश की सीटें आएंगी। वहीं, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच सीटों पर फाइनल बंटवारा अभी नहीं हुआ है। दोनों पार्टियों में इस सिलसिले में बातचीत हो चुकी है परन्तु कौनसी पार्टी कितनी सीटों पर और कौन



कौनसी सीटों पर चुनाव लड़ेगी यह अभी तक तय नहीं हो सका है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी ने शुक्रवार को मुलाकात की। बताया जा रहा है कि सपा ने रालोद के लिए सात लोकसभा सीटें छोड़ी हैं। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने समझौते की पुष्टि की है। सपा अध्यक्ष ने शुक्रवार को सोशल साइट पर रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के साथ तस्वीर शेयर की और कहा कि रालोद और सपा के गठबंधन की सभी को बधाई!

#### राज्य की 28 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है कांग्रेस

सपा ने कांग्रेस से उन सीटों और प्रत्याशियों की सूची मांगी है, जहां वह चुनाव मैदान में उतरना चाहती हैं। कांग्रेस ने कथित तौर पर सपा को कम से कम 28 सीटों की सूची सौंपी है। इसमें वो सीटें शामिल हैं जिस पर साल 2009 के आम चुनाव में उसने जीत दर्ज की थीं। कांग्रेस ने यूपी में साल 2009 के चुनाव में 21 सीटों पर जीत हासिल की थी। पार्टी उन सीटों पर भी दांव खेलने की कोशिश में है, जिन क्षेत्रों के जरिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजर रही है।

#### पिछले चुनाव में सपा का बसपा के साथ भी था गठबंधन

पिछले लोकसभा चुनाव में सपा ने बसपा के साथ गठबंधन किया था। इस दौरान सपा ने रालोद को तीन सीटें दी थीं। पिछले विधानसभा चुनाव में रालोद को 14 सीटें दी गई थीं। कांग्रेस से बंटवारे से पहले ही रालोद को सीटें देना सपा की दबाव की राजनीति भी माना जा रहा है। सपा कांग्रेस को यह बताने की कोशिश कर रही है कि वह लोकसभा चुनाव को लेकर बहुत गंभीर है। वह चाहती है कि जल्द से जल्द सीटों का बंटवारा हो जाए।

#### रालोद को ये सीटें देने पर सहमति

सूत्रों के अनुसार सीटों के नाम की आधिकारिक घोषणा तो नहीं हुई है, लेकिन बताया जा रहा है कि वह रालोद को बागपत, मथुरा, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, अमरोहा और कैराना लोकसभा सीट दी गई है। इसके साथ ही नगीना की सीट आजाद पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को देने पर पहले ही सहमति बन गई है।

#### पीएम मोदी का यूपी दौरा अगले सप्ताह संभव

अगले ही हफ्ते पीएम नरेंद्र मोदी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से भाजपा के चुनाव अभियान की शुरुआत की उम्मीद है। भाजपा को पिछले चुनाव में इस इलाके में बड़ा सियासी झटका लगा था। भाजपा 14 में से सात सीटें हार गई थी। पीएम मोदी की रैली को इस इलाके में राममंदिर के मुद्दे को भुनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

## जरूरी खबर

### राजस्थान के आर्यन को पीएम बाल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 19 बच्चों को चुना गया है। महाराष्ट्र के आदित्य विजय ब्रह्मणे को वीरता के लिए मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया जाएगा। असाधारण योग्यता और उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए 5 से 18 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को पुरस्कार दिया जाना है। बच्चों को बहादुरी, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल जैसी सात श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। राजस्थान के आर्यन सिंह को विज्ञान व प्रौद्योगिकी क्षेत्र में यह पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार विजेताओं को एक पदक, प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। 22 जनवरी, 2024 को विज्ञान भवन में औपचारिक कार्यक्रम में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगी।

### दलजीत सिंह चौधरी होंगे एसएसबी के DG



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक पद पर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को नियुक्त करने का फैसला लिया है। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी चौधरी उत्तर प्रदेश कैडर के 1990 बैच के अधिकारी हैं। फिलहाल वे भारतीय रिजर्व पुलिस बल के विशेष महानिदेशक के रूप में सेवारत हैं। चौधरी को नई जिम्मेदारी सौंपने के संबंध में गृह सचिव अजय भल्ला को भी सूचना भेज दी गई है। कार्मिक मंत्रालय के अनुसार चौधरी 30 नवंबर, 2025 तक इस पद पर रहेंगे। कार्मिक विभाग के मुताबिक इनकी सेवा अगले आदेश तक या रिटायरमेंट की तारीख, जो भी पहले हो उस समय तक जारी रहेगी।

### अनुसूचित जाति के हितों की रक्षा के लिए समिति

**नई दिल्ली।** सरकार ने अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। यह समित मदिगा जैसे अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले प्रशासनिक कदमों को परखने का काम करेगी। इस समिति की पहली बैठक 23 जनवरी को होगी। सूत्रों के अनुसार, यह समिति प्रशासनिक कदमों की जांच करेगी। अनुसूचित जाति के कई समुदायों ने शिकायत की है कि उन्हें सरकार दिए जारहे लाभों का उचित हिस्सा समान रूप से नहीं मिल रहा है।

## शहीदों को श्रद्धांजलि



*शिलांग। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को शिलांग में असम राइफल्स के महानिदेशालय मुख्यालय का दौरा किया और वहां स्थित युद्ध स्मारक पर देश के लिए अपने जीवन का उत्सर्ग करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।*

### तीन हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र से कलकत्ता, केरल और झारखंड के उच्च न्यायालयों में स्थायी न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए कुछ अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की। कॉलेजियम में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बी आर गवई भी शामिल हैं। कॉलेजियम ने न्यायिक अधिकारी अरुण कुमार राय और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को झारखंड हाई कोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने न्यायाधीश अनन्या बंद्योपाध्याय, राय चट्टोपाध्याय, शंपा दत्त (पॉल) और राजा बसु चौधरी को कलकत्ता हाई कोर्ट के स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। जस्टिस शुभेंदु सामंत को 18 मई से एक वर्ष की नई अवधि के लिए अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की बात कही है। कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की अतिरिक्त न्यायाधीश जस्टिस लापिता बनर्जी को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए।

**अयोध्या:** रामलला की पहली झलक आई सामने, सौम्य रूप ने मोहा

# सिर मुकुट कुंडल तिलक चारु उदारु अंग विभूषणम्








एजेंसी | अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रामलला की प्रतिमा की पूरी झलक सामने आई है। बरसों के इंतजार के बाद रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। इस तस्वीर में उनके पूरे स्वरूप को देखा जा सकता है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। हालांकि उनकी आंखें कपड़े से ढकी हुई हैं। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर के उद्घाटन का कार्यक्रम है। रामलला के नवनिर्मित मंदिर में अचल विग्रह की स्थापना के साथ विराजमान रामलला को भी पूजित-प्रतिष्ठित किया जाएगा।

यह मूर्ति कर्नाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई हुई है। इस मूर्ति में बाल सुलभ कोमलता झलक रही है। इसमें रामलला की भुजाएं घुटनों तक हैं। मूर्ति श्याम शिला से बनी है। इसकी आयु हजारों साल होती है, यह जलरोधी है। मूर्ति की ऊंचाई 51 इंच है तथा इसका वजन 150 से 200 किलो है, मूर्ति के ऊपर मुकुट व आभामंडल बना हुआ है।

### अरणी मंथन से प्रकट हुई अग्नि

इससे पहले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के चौथे दिन शुक्रवार को सुबह नौ बजे अरणी मंथन से अग्नि प्रकट की गई। अग्नि प्रकट के साथ चौथे दिन का अनुष्ठान शुरू हो गया है। इसके पहले गणपति आदि स्थापित देवताओं का पूजन किया गया। श्रीरामलला का वैदिक मंत्रों के साथ औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास कराया गया। फिर आरणी मंथन से कुंड में अग्नि प्रकट की गई।

### आज सरयू के जल से धोया जाएगा मंदिर

20 जनवरी को राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह को सरयू जल से धोया जाएगा, जिसके बाद वास्तु शांति और 'अन्नाधिवास' अनुष्ठान होगा।

### ये खास है प्रतिमा में

मूर्ति के ऊपर स्वास्तिक, ॐ, चक्र, गदा, सूर्य भगवान विराजमान हैं। रामलला के चारों ओर आभामंडल है। श्रीराम की भुजाएं घुटनों तक लंबी हैं। मस्तक सुंदर, आंखें बड़ी और ललाट भव्य है। भगवान राम का दाहिना हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में है। मूर्ति में भगवान विष्णु के 10 अवतार दिखाई दे रहे हैं।

### अयोध्या मामला: फैसले से जुड़े 5 जज भी आमंत्रित

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सुप्रीम कोर्ट के उन पांच न्यायाधीशों को भी आमंत्रित किया गया हैं, जिन्होंने 2019 में इस मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। इसके अलावा पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, न्यायाधीशों और प्रमुख वकीलों सहित न्याय क्षेत्र से जुड़े 50 से अधिक हस्तियों को 22 जनवरी के लिए आमंत्रित किया गया है। बता दें कि नौ नवंबर, 2019 को तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई, पूर्व सीजेआई एसए बोबडे, वर्तमान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और पूर्व न्यायाधीश अशोक भूषण और न्यायाधीश एस अब्दुल नजीर की पांच सदस्यीय बेंच ने राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में फैसला सुनाया था।

### महाराष्ट्र में भी 22 को अवकाश

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने भी 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन छुट्टी का ऐलान किया है। । महाराष्ट्र के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, गोवा और छत्तीसगढ़, उत्तराखंड जैसे राज्यों ने भी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अवकाश की घोषणा कर चुके हैं।

### रामलला के टेंट में दर्शन की पीड़ा अब होगी दूर


पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के सोलापुर में एक आमसभा में कहा कि अपने आराध्य श्रीराम के टेंट में दर्शन करने की दशकों पुरानी पीड़ा अब खत्म होने जा रही है। ये समय हम सबके लिए भक्ति भाव का समय है। 22 जनवरी को ऐतिहासिक क्षण हैं। इस दिन सब लोग पूरे हिंदुस्तान में राम ज्योति जलाएं। उन्होंने ने लोगों से अपील की कि वे प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम लला का दर्शन करने पहुंचें।

### नियमों का हो रहा है पालन

पीएम मोदी ने कहा, राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कुछ संतों के मार्ग दर्शन में मैं अपने नियमों के पालन में व्यस्त हूं। मैं कठोरता से उनका पालन भी करता हूं। ये भी संयोग है कि इसकी शुरुआत महाराष्ट्र के नासिक से पंचवटी की भूमि से हुई।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट

### प्राण प्रतिष्ठा पर रोक संबंधी याचिका पर सुनवाई से इनकार




एजेंसी | प्रयागराज

अयोध्या में रामलला के मंदिर के लोकार्पण और प्राण प्रतिष्ठा समारोह का रास्ता साफ हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर फौरन सुनवाई से इनकार कर दिया है। याचिकाकर्ता भोला दास के वकील अनिल बिंद ने कार्यवाहक चीफ जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता की कोर्ट में मामले पर शुक्रवार को ही सुनवाई का अनुरोध किया था। कोर्ट ने उनके इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने इससे पहले बुधवार को भी मेंशन को मंजूर नहीं किया था। भोला दास ने जनहित याचिका दाखिल कर पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों प्राण प्रतिष्ठा पर रोक लगाए जाने की मांग की थी।

### यह कहा गया था याचिका में

याचिका में शंकराचार्य की आपत्तियों का हवाला देते हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सनातन परंपरा के खिलाफ बताया गया था। याचिका में कहा गया था कि भाजपा 2024 के लोकसभा के चुनाव में लाभ उठाने के लिए ये आयोजन कर रही है। जनहित याचिका में ये भी कहा गया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर शंकराचार्य की भी आपत्ति है। पौष महीने में कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि मंदिर अभी अपूर्ण है। अपूर्ण मंदिर में किसी भी देवी, देवता की प्राण-प्रतिष्ठा नहीं हो सकती है। पीएम और सीएम योगी का इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना संविधान के खिलाफ है।

## BRO के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण



*देहरादून। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को उत्तराखंड में जोशीमठ-मलारी रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम में सीमा सड़क संगठन की 35 आधारभूत परियोजनाओं का लोकार्पण किया।*

**बेंगलुरु में बोइंग के तकनीकी केंद्र का लोकार्पण**

# दुनिया का भारत के टैलेंट में विश्वास होगा और मजबूत: पीएम मोदी

एजेंसी | बेंगलुरु/सोलापुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु के पास अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग के नए वैश्विक इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी केंद्र परिसर का उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि इस कैंपस से दुनिया का भारत के टैलेंट में विश्वास मजबूत होगा।

एक दिन भारत भविष्य के विमानों का डिजाइन इसी सेंटर में बनाएगा। चाहे फाइटर पायलट हों या सिविल एविएशन, आज भारत महिला पायलट के मामले में सबसे आगे है। आज भारत के पायलट में से 15 प्रतिशत महिला पायलट्स हैं, ये ग्लोबल एवरेज से तीन गुना ज्यादा है।



पीएम मोदी ने कहा कि बेंगलूरु भारत की तकनीकी क्षमताओं को वैश्विक आपूर्ति से जोड़ता है। बोइंग का नया कैंपस बेंगलूरु की पहचान को और मजबूत करेगा। यह अमेरिका के बाहर बोइंग का सबसे बड़ा सेंटर होगा। परिसर करीब 1,600 करोड़ रुपए, की लागत से 43 एकड़ जमीन पर बना है। यह बोइंग का अमेरिका के बाहर अपनी तरह का सबसे बड़ा निवेश है।

### कर्नाटक की एक और उपलब्धि: सिद्धारमैया

सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि बोइंग के इस सेंटर के उद्घाटन के साथ ही कर्नाटक की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। उन्होंने कहा कि यह राज्य दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तकनीकी क्लस्टर है। भारत में इनोवेशन इंडेक्स में यह पहले स्थान पर है और सभी राज्यों में सबसे ज्यादा निर्यात कर्नाटक ही करता है।

### महाराष्ट्र: 2,000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

इससे पहले पीएम मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में 2 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत पूरे किए गए 90,000 से अधिक घरों को भी लाभार्थियों को समर्पित किया। इनमें सोलापुर में रायनगर हाउसिंग सोसाइटी के 15,000 घर भी शामिल हैं। इनके लाभार्थियों में हजारों हथकरघा श्रमिक, विक्रेता, बिजली करघा श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, बीड़ी श्रमिक और चालक शामिल हैं। इस मौके पर जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि हम भगवान राम के आदर्शों पर चल रहे हैं। आपका भरोसा ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।




### बिचौलियों की भूमिका समाप्त

पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो गई है। गरीबों का कल्याण और श्रमिकों की गरिमा पर उनकी सरकार का ध्यान रहा है। उन्होंने लोगों से बड़े सपने देखने की अपील करते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाना विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, आपका सपना मेरा संकल्प है और यह मोदी की गारंटी है।

### मोदी की गारंटी-पूरी रोटी खाएंगे

'आधी, रोटी खायेंगे' के नारे को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी गारंटी के तहत आप पूरी रोटी खाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की नीयत, नीति और निष्ठा स्पष्ट नहीं थी लेकिन उनकी सरकार की नीयत स्पष्ट है, जबकि नीति लोगों को सशक्त करने के लिए है और निष्ठा राष्ट्र के प्रति है।

## रवींद्र मंच के 60 साल पूरे होने पर हीरक जयंती महोत्सव के तहत नाटक का मंचन

# 'बेवा' में दहेज के दानव को समाज से बाहर निकाल फेंकने का संदेश

**बेधड़क | जयपुर**

कय्यूम साहब की दूसरी बीबी का बेटा रसीद पढ़ा-लिखा होने के बावजूद सरकारी नौकरी नहीं पाता है, लेकिन रसीद की बीबी सितारा बेगम एक हज्जत औरत है। उसके 6 बेटियां व एक बेटा है। सितारा बेगम के पति का देहांत होने से पहले ही कय्यूम साहब सारी जायदाद उसके नाम कर देते हैं, लेकिन उनका देवर उसे जबरन घर से बेदखल करना चाहता है। ऐसे में कई मोड़ लेते हुए कहानी मंच पर आगे बढ़ती है। कलाकारों का अभिनय कहानी को और बेहतर करता है। मौका था रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती महोत्सव के तहत कला व संस्कृति विभाग और रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना में मार्मिक और सामाजिक नाटक बेवा के मंचन का। नाटक में मुस्लिम समुदाय की कहानी है।

### सितारा को जीनी पड़ी लाचारी की जिंदगी

कहानी में आगे दर्शाया गया कि सितारा बैवा की लाचारी व बेबसी की जिंदगी जी रही है। वे अपनी जवान व खूबसूरत लड़कियों की शादी करना चाहती है, लेकिन दहेज के पैसे नही होने के कारण ऐसा संभव नहीं हो पाता है। घर में कोई बड़ा मर्द नहीं होने पर उन्हें और ज्यादा परेशानियां होती है। महजब के अनुसार उनको बाहर जाने व नौकरी करने की इजाजत नहीं है। वह दरगाह व फकीरों के चक्कर लगाने लगती है और अंत में हताश होकर आत्महत्या करने की कोशिश करती है।



### समाज से की निकाह की अपील

ऐसे में उसकी मुलाकात मस्तान बाबा से होती है और वह उसे सही रास्ते पर चलने का मशवरा देता है। साथ ही समाज के बंधुओं से जवान लड़कियों के निकाह का आह्वान करता है तथा उनका समझदार लड़कों से निकाह कराता है। नाटक संदेश देता है कि किसी बेबस इंसान की सहायता करनी चाहिए व दहेज जैसी कुप्रथा को समाज से बाहर निकाल फेंकना चाहिए। किसी के जायज हकों पर कुठाराघात नहीं करना चाहिए।





### इन्होंने जीवंत किए किरदार

नाटक में ज्योत्सना कौशिक, रिया कुमारी, कृष्णा कुमावत, हर्ष, जय कौशिक, सत्य प्रकाश, दर्शिका कुमावत, अंजली, अवंतिका, विजय लक्ष्मी, राहुल, सुनीता चौधरी, चंद्रशेखर, रमेश बुनकर, जीतू चौधरी, अनूप गुप्ता आदि ने सशक्त अभिनय किया। बेवा का किरदार सितारा बेगम, मस्तान बाबा का मो. इलियास खान ने निभाया। रवींद्र मंच की मैनेजर सोविला माथुर ने बताया, कि मिनी थिएटर हुए आयोजन में प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, टी. वी. व फिल्म जगत के कलाकार, कला प्रेमी, समाज सेवी, दर्शक और अन्य कला प्रेमियों ने हिस्सा लिया।

## अमीषा पटेल का टॉक शो आज



**बेधड़क. जयपुर।** रोटरी क्लब की 2 दिवसीय वार्षिक कॉन्फ्रेंस नवोत्सव जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित की जाएगी। कॉन्फ्रेंस में मोटिवेशनल स्पीकर्स के अलावा बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल आकर्षण होंगी। कॉन्फ्रेंस चेयरमैन सुधीर जैन ने बताया कि प्रांत 3056 का गठन होने के बाद इस डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस का आयोजन पहली बार शनिवार से शुरू होगा। रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन की ओर से होने वाले आयोजन के लिए सेक्रेटरी सीए मनोज जैन और होस्ट क्लब प्रेसिडेंट राजेश गंगवाल ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में प्रदेश भर से 700 से अधिक रोटरी मैंबर्स भाग लेंगे। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्मल कुणावत ने बताया कि पहले दिन पुंडरीक महाराज, वृंदावन महाराज, मोटिवेशनल स्पीकर राजीव पुरी समेत कई सेशन होंगे। शाम को बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल का टॉक शो और अवॉर्ड सेरेमनी होगी। टॉक शो में कई जानकारियां शेयर की जाएंगी। साथ ही मुंबई के प्रसिद्ध सिंगर्स दिल्ली के डोरे मि बैंड के सहयोग से 70 के दशक के गानों पर विजुअल प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन बॉलीवुड एक्टर अनु कपूर, मैनेजमेंट गुरु एन रघुरामन, मोटिवेशनल स्पीकर सौरभ जैन के सेशन होंगे। अंतिम दिन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2026-27 का चुनाव होगा।

## स्टोन मार्ट में मंडप होंगे आकर्षण



**बेधड़क, जयपुर।** इंटरनेशनल स्टोन इडंस्ट्री का 12वां संस्करण इण्डिया स्टोनमार्ट 1 से 4 फरवरी तक होगा। एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में भाग लेने के लिए अभी तक 380 प्रदर्शक का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, जिसमें 84 विदेशी व 296 भारतीय शामिल हैं। अभी लगभग 15 और कम्पनियां भाग लेने के लिए स्टॉल आरक्षण की प्रक्रिया में है। प्रदर्शनी में मार्बल, ग्रेनाइट, सेंड स्टोन, कोटा स्टोन, स्लेट, क्वार्ट्ज स्टोन, पत्थर खनन व प्रसंस्करण मशीनरी, उपकरण, कन्जुमेबल्स, खनन के लिए उपकरण की जानकारी दी जाएगी। जयपुर में इंडिया स्टोन मार्ट सेन्टर फॉर डवलपमेंट ऑफ स्टोन्स (सीडोस) द्विवार्षिक रूप से आयोजित किया जा रहा है। स्टोन मार्ट 24 के दौरान ही जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल, क्रेता-विक्रेता बैठक व शिल्पग्राम का भी आयोजन होगा।

## City इवेंट्स

### श्रद्धालुओं ने जीमी पौषबड़ा प्रसादी



**बेधड़क. जयपुर।** जौहरी बाजार, मनीरामजी की कोठी स्थित शीतलेश्वर महादेव मंदिर में पौष बड़ों का आयोजन किया गया। इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। समाज सेवी कैलाश चन्द, माणक चन्द, रमेश ठोलिया की ओर से आयोजित आयोजन में भक्ति संगीत की लहरियों में श्रद्धालु झूम उठे। इस मौके पर भगवान भोलेनाथ की मनोरम झांकी सजाई गई। समाज सेवी रमेश ठोलिया ने बताया कि आयोजन में पत्तल प्रसादी के तहत हलवा, बड़े, पूरी सब्जी बनाई गई।

### जयपुर में खुला 'मिआ बाय तनिष्क'

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुराइट्स को गुलाबी नगरी में मिआ बाय तनिष्क की और सुविधा मिलेगी, क्योंकि एमआई रोड स्थित नूर बिल्डिंग में नया स्टोर लाया गया है। उद्घाटन मिआ बाय तनिष्क की बिजनेस हेड श्यामला रमणन व फ्रेंचाइजी पार्टनर तारिषि आहूजा जैन और परिवार ने किया। तनिष्क ने मिआ उत्पादों पर रविवार तक 20 प्रतिशत छूट देने की पहल की है।

### स्वच्छथोन से देंगे स्वच्छता का संदेश

**बेधड़क, जयपुर।** प्ले स्पोर्ट्स जयपुर स्वच्छथोन (मैराथन) 21जनवरी को आयोजित की जाएगी। स्वच्छता और युवा पीढ़ी को नशे से मुक्त करने के संदेश के साथ होने जा रही इस मैराथन में 21 दिन तक 21 किलोमीटर प्रतिदिन नंगे पैर रन का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में दर्ज करने का प्रयास रहेगा। मैराथन में भाग ले रहे रनर्स को जयपुर के सुंदर और स्वच्छ माहौल में साकारात्मक योगदान देने का एक अवसर होगा। मैराथन जयपुर के नागरिकों को स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करेगा और नशे के प्रभाव से दूर रहकर स्पोर्ट्स की ओर रुझान पैदा करने के लिए कदम होगा। मैराथन रविवार सुबह 6:30 बजे हल्दीघाटी गेट प्रताप नगर से शुरू होगी। रनर्स 10 किलोमीटर (टाइम्ड) 5 किलोमीटर (टाइम्ड) और 1 किलोमीटर रन में भाग ले सकते हैं।

## 20 फरवरी से जवाहर कला केन्द्र में होगा मुकाबला

# सुर संगम प्रतियोगिता के अंतिम चरण में 38 प्रतिभाएं साधेगी सुर




**बेधड़क | जयपुर**

सुर संगम संस्थान के 34वें 3 दिवसीय राष्ट्रीय समारोह सुर संगम के पिछले दिनों विभिन्न चरणों में हुए ऑन लाइन ऑडिशन में 1000 से अधिक युवा प्रतिभाओं ने हुनर का प्रदर्शन किया। कई चरणों में निर्णायकों द्वारा की गई छंटनी के बाद चयनित देश की कुल 38 प्रतिभाओं को 20 से 22 फरवरी तक जवाहर कला केन्द्र में होने वाले महामुकाबले में हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। चयनित प्रतिभाओं में 12 शास्त्रीय गायन, 12 सुगम गायन, 8 लोक गायन और 6 उप शास्त्रीय गायन विधाओं में थीं। गत वर्ष की प्रथम स्थान पर रही 3 प्रतिभाओं को महामुकाबले में शामिल किया जाएगा। चयनित 38 प्रतिभाओं में 3 जयपुर, 2 बीकानेर और 1 अलवर से हैं। बाकी सिक्किम, बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों से हैं। सुर संगम राष्ट्रीय अध्यक्ष के.सी. मालू ने बताया, कि ऑनलाइन में आए एक हजार से अधिक वीडियो में से श्रेष्ठ का चयन 10 जजों के पैनल ने किया।

## शुद्ध गाय के घी से बनाए व्यंजन

# सीतारामजी मंदिर में ठाकुरजी के 351 थालों में लगाया 56 भोग



**बेधड़क | जयपुर**

छोटी चोपड़ स्थित श्रीसीतारामजी मंदिर में भक्तों की ओर से छप्पन भोग जिमाया गया। मंदिर के पुजारी नंदकिशोर शर्मा ने ठाकुर को नई पोशाक धारण कराई और भक्तों द्वारा मन्दिर को लाइट व फूलों से सजाया गया। छप्पन भोग में शुद्ध गाय का घी से व्यंजन बनाए गए। समाज श्रीसीतारामजी अध्यक्ष नवल किशोर झालाणी ने बताया कि छप्पन भोग में 351 बड़े थाल में सजाया गया। संस्था के उपाध्यक्ष रामप्रसाद अग्रवाल ने महंतों को माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। रामगोपाल बूसर, रामशरण हल्दिया, अवधेश कुमार पोदार, नारायण अग्रवाल, रामबाबू पाटोदिया, प्रदीप सेठी, रमेश बिजलीवाले, जगदीश कांकड़े वाले, प्रभु तांबी, ओमजी कानूनगो, लक्ष्मीनारायण कांकड़े वाले, नन्द किशोर भुखमारिया, जगदीश कांकड़े वाले, राधागोपाल, हंसराज, धीया, राजा बाबू, पाटोदिया आदि ने पद गाकर सुनाया। महेश भगत ने सभी भक्तों को माला-दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। रामबाबू झालाणी ने बताया कि शनिवार दोपहर 12 बजे से कंचन वन में ससुराल की फूलों से होली खेली जाएगी।

**संगोष्ठी** — 'ब्लड कम्पोनेंट रिक्विजिशन टू ट्रांसफ्यूजन' पर विमर्श

# नई टेक्नोलॉजी से रक्त जांच आम पहुंच से बाहर ना हो

**बेधड़क | जयपुर**

स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक और स्वास्थ्य कल्याण एजुकेशन सोसायटी की और से 'ब्लड कम्पोनेंट रिक्विजिशन टू ट्रांसफ्यूजन' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीएस मीना ने बल्ड कम्पोनेंट रिक्विजिशन टू ट्रांसफ्यूजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंकिंग में मुख्य उद्देश्य आमजन को सुरक्षित रक्त पहुंचाना होना चाहिए। साथ ही यह ध्यान रखना पड़ेगा कि नई टेक्नोलॉजी के नाम पर रक्त की जांच की कीमत आमजन की पहुंच से बाहर न हो पाए।




### नर्सिंग में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की जरूरत

स्वास्थ्य कल्याण ब्लड सेंटर के डायरेक्टर व राजस्थान हॉस्पिटल वाईस चेयरमैन डॉ. सर्वेश अग्रवाल ने ब्लड कलेक्शन से लेकर ब्लड ट्रांसफ्यूजन तक नर्सिंग का अहम रोल बताते हुए कहा कि इसके लिए उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण की आवश्यकता है। आरएचएल एडिक्शन सेंटर के डायरेक्टर डॉ. राघव शाह ने युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृति को लेकर कहा कि दक्ष नर्सिंग केयर इस प्रवृत्ति को रोकने में सहायक हो सकती है। संगोष्ठी में एडवांस न्यूरोलॉजी एण्ड सुपर स्पेशियलिटी (ब्रेन टावर), एपेक्स हॉस्पिटल, बेबीलॉन हॉस्पिटल, भंडारी हॉस्पिटल, फोर्टिस हॉस्पिटल, जयपुरिया हॉस्पिटल, आईबीएस हॉस्पिटल, जीवन रेखा हॉस्पिटल, खण्डाका हॉस्पिटल, नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल, प्रकाश हॉस्पिटल, राजस्थान हॉस्पिटल लि., शेल्बी हॉस्पिटल, सोमानी हॉस्पिटल, वेल्टन हॉस्पिटल व अन्य अस्पतालों के 47 नर्सिंग कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

### देश के प्रथम 5 राज्यों में शामिल होगा राजस्थान

एम्स प्रेसिडेंट व स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप चेयरमैन डॉ. एसएस अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान में देश के अन्य प्रांतों की तुलना में ब्लड बैंकिंग का स्तर उच्चतम है। स्वैच्छिक रक्तदान हमारे प्रदेश में वर्षों की तुलना में काफी बढ़ा है और जल्द ही यह देश के प्रथम पांच राज्यों में शामिल होगा। डॉ. अग्रवाल ने कहा, कि प्रदेश में नए ब्लड बैंक चालू करने की जगह ब्लड स्टोरेज सेन्टर्स खोलने व केन्द्रीयकृत ब्लड बैंकिंग व्यवस्था की तरफ बढ़ना चाहिए।

उत्साह सबसे बड़ी ताकत होती है। उत्साह से बड़ी कोई ताकत नहीं है। ऐसा कुछ भी नहीं है, जो उत्साही लोगों के लिए इस दुनिया में प्राप्त योग्य नहीं है।



विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## अमेरिका में खौफनाक मंजर: मियामी एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा विमान

# उड़ते विमान में आग, करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी** | मियामी

अमेरिका में बड़ा विमान हादसा टल गया। एटलस एयर बोइंग कार्गो विमान को टेकऑफ करते ही तुरंत इंजन में आग लग गई। इसके चलते मियामी हवाई अड्डे पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हालांकि इसमें किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। बताया जा रहा है कि टेकऑफ के तुरंत बाद इंजन में खराबी आ गई थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। एटलस एयर ने घटना पर प्रतिक्रिया दी है। इसमें कहा कि क्रू मेंबर्स ने सभी तय गाइडलाइंस का पालन किया और सुरक्षित रूप से मियामी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लौट आया है। घटना के कारणों की तलाश की जा रही है। इसके लिए एक जांच टीम का गठन किया गया है।

### विमान के पंख से आग निकलती दिखी

सोशल मीडिया वायरल वीडियो में विमान के बाएं पंख से आग की लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं। फ्लाइट वेयर डेटा से पता चला कि हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग 747-8 था। यह विमान चार जनरल इलेक्ट्रिक इंजनों द्वारा संचालित है। एयरपोर्ट के अनुसार, मियामी डेड फायर रेस्क्यू ने आग पर काबू पाया। फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### 5 जनवरी को बोइंग के विमान का उड़ गया था दरवाजा

5 जनवरी को पोर्टलैंड, ओरेगॉन से उड़ान भरने के तुरंत बाद अलास्का एयरलाइंस मैक्स 9 विमान का दरवाजा हवा में टूटकर उड़ गया था। इस घटना ने अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) को सुरक्षा जांच के लिए 171 विमानों को अस्थायी रूप से ग्राउंड करने मजबूर होना पड़ा।

## उत्तर कोरिया की अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान को नई चुनौती

# पानी के भीतर परमाणु हमला करने वाले ड्रोन का परीक्षण

**एजेंसी** | फियोंगयांग

उत्तर कोरिया ने पानी में परमाणु हमले करने वाले ड्रोन का सफल परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने दुश्मन देशों पर क्षेत्र में तनाव बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त नौसैन्य अभ्यास के बाद बढ़े तनाव को देखते हुए उसने ये ड्रोन परीक्षण किया है।

यह परीक्षण ऐसे वक्त में किया गया है जब कुछ ही दिन पहले देश के नेता किम जोंग उन ने कहा था कि उनका देश अब दक्षिण कोरिया के साथ सुलह का प्रयास नहीं करेगा। उत्तर कोरिया की सेना ने कहा है कि उसने यह परीक्षण देश के पूर्वी जलक्षेत्र में किया और तीन देशों के साझा नौसैन्य अभ्यास के जवाब में किया। उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हमारी सेना की जल के भीतर परमाणु-आधारित जवाबी कार्रवाई को और अधिक मजबूत किया जा रहा है और इसकी जल के भीतर तथा समुद्री कार्रवाइयां अमेरिका और उसके सहयोगियों की नौसेनाओं के शत्रुतापूर्ण सैन्य युद्धाभ्यास को रोकना जारी रखेंगी। उत्तर कोरिया के रक्षा विज्ञान के स्तर और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि हथियार अभी भी विकास के चरण में है, यह अभी तक एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करने की स्थिति में नहीं है। पिछले साल उत्तर कोरिया ने घोषणा की थी कि उसने असफल प्रयासों के बाद सफलतापूर्वक जासूसी उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया है।



### परमाणु हथियार ले जा सकता है ये ड्रोन

पानी के नीचे चलने वाला ये ड्रोन परमाणु हथियार ले जा सकता है, इसके सफल परीक्षण का दावा किया गया है। इसकी क्षमताओं के बारे में उत्तर कोरिया के मीडिया ने कहा है कि ये पानी के रास्ते दुश्मन के क्षेत्र में जाकर बड़े विस्फोट करने में सक्षम है। विश्लेषकों ने कहा है कि इस हथियार की जो क्षमताएं बताई गई हैं, उनके हिसाब से ये उत्तर कोरिया की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइलों की तुलना में कुछ कम महत्वपूर्ण हथियार नजर आता है।

# गाजा की यूनिवर्सिटी पर किया हवाई हमला

**एजेंसी** | तेल अवीव।

गाजा में अस इसरा यूनिवर्सिटी पर हुए हवाई हमले में कैंपस पूरी तरह से तबाह हो गया। दावा किया जा रहा है कि यह हमला इजराइली डिफेंस फोर्स ने किया है। अमेरिका ने इस हमले को लेकर इजराइल से जवाब मांगा है। पिछले कुछ दिनों से इजराइल तरफ से हमास के कब्जे वाले फिलस्तीन के इलाकों पर हमले तेज हुए हैं। इसमें हमले को भी उसी का हिस्सा बताया जा रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। उधर, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सऊद अरब से फिलहाल डिप्लोमैटिक रिलेशन शुरू करने और रिश्ते सुधारने का अमेरिकी ऑफर ठुकरा दिया है।



### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

वीडियो में दावा किया जा रहा है कि इजराइली सुरक्षा बलों ने गाजा में स्थित फिलिस्तीनी विश्वविद्यालय पर हमला किया है। इस हमले में पूरी बिल्डिंग तहस नहस हो जाती है। इस वीडियो को देखने के बाद अमेरिका ने इजराइल से इस वीडियो पर स्पष्टीकरण मांगा है।

## आतंकियों ने की ईरानी अफसर की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान प्रांत में आतंकी संगठन जैश अल अदल से जुड़े ठिकानों पर एयरस्ट्राइक से पाकिस्तान बौखलाया है। आतंकियों ने ईरानी अफसरों को टारगेट करना शुरू कर दिया है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गॉड्र्स के सदस्य की पाक और अफगानिस्तान सीमा से लगे प्रांत में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

# नाटो देश पहली बार करेंगे युद्धाभ्यास

**एजेंसी** | ब्रसेल्स

रूस के साथ भीषण जंग के खतरे को देखते हुए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के देश अगले सप्ताह शीतयुद्ध के बाद अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू करेगा। इसमें नाटो के 90 हजार सैनिक, 50 युद्धपोत, 80 फाइटर जेट और 1100 युद्धक वाहन नाटो के युद्धाभ्यास स्टेडफास्ट डिफेंडर 2024 में हिस्सा लेंगे। नाटो के इस महाअभ्यास का उद्देश्य ये देखना है कि अगर रूस के साथ किसी बड़े युद्ध की स्थिति बनती है तो अमेरिकी सेना किस तरह से अपने यूरोपीय सहयोगियों की मदद कर सकती है। यह अभ्यास खासकर रूस की सीमा से लगे देशों और नाटो के पूर्वी हिस्से के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस अभ्यास में 90 हजार सैनिक हिस्सा लेंगे। यह अभ्यास मई तक चलता रहेगा। नाटो के शीर्ष कमांडर क्रिस कावोली ने इसका ऐलान किया। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास में 50 युद्धपोत, 80 फाइटर जेट, हेलिकॉप्टर- ड्रोन हिस्सा लेंगे। युद्धक वाहन भी अभ्यास में अपना दम दिखाएंगे।

## पाक में जय श्रीराम... क्रिकेटर दानिश कनेरिया बोले...

# 'मेरे रामलला हो गए विराजमान'

■ एक्स पर पोस्ट शेयर कर जताई खुशी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पाकिस्तान के हिंदुओं में भी खुशी का माहौल है। पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके अपनी खुशी जाहिर की।

कनेरिया ने अयोध्या स्थित नव निर्मित राम मंदिर के गर्भगृह में रखी गई भगवान राम की प्रतिमा की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि मेरे रामलला विराजमान हो गए हैं। दानिश ने हिंदू होने के कारण पाकिस्तान में अपने साथ भेदभाव होने की भी बात कही थी। बीते साल एक चैनल को दिए इंटरव्यू में कनेरिया ने कहा था कि मेरे लिए सब पहले सनातन धर्म में मेरा विश्वास है। यह मेरे लिए सभी चीजों से ऊपर है। भगवान राम मेरे जीवन की प्रेरणा हैं। भगवान राम ने कहा था कि अपने सनातन धर्म की रक्षा के लिए हमेशा आवाज उठानी चाहिए।



### हिंदुओं के हक में आवाज उठाते रहे हैं कनेरिया

दानिश कनेरिया पाकिस्तान में हिंदुओं के हक के लिए आवाज उठाते रहे हैं। पाकिस्तान के सिंध समेत कई ऐसे राज्य ऐसे हैं जहां पर हिंदुओं के साथ भेदभाव होता है। पाकिस्तान में हिंदुओं की लड़कियों को अगवा कर उनका धर्म परिवर्तन करा दिया जाता है। हिंदू लड़कियों के साथ मुसलमान युवक जबरन निकाह कर लेते हैं। दानिश कनेरिया इन सभी मुद्दों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से साझा करते रहते हैं। जब उनसे एक बार पूछा गया कि वह ऐसा क्यों करते हैं तो उन्होंने कहा था कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया, मैं सिर्फ वही कहता हूं जो पाकिस्तान में गलत होता है और मैं ऐसा करता रहूंगा।

### मैं एक सनातनी हूं

कनेरिया ने कहा था मैं एक सनातनी हूं। मेरा धर्म मुझे शिक्षा देता है कि अगर मैं अपने हिंदू भाइयों के लिए आवाज उठाऊं। अगर भगवान ने मुझे बोलने की ताकत दी है तो मैं उनके लिए जरूर बोलूंगा। मुझे अच्छा लगेगा कि अगर कोई मेरी तरह ऐसे आवाज उठाता है। मुझे अच्छा लगेगा कि हिंदुस्तान की मीडिया पाकिस्तान के हिंदुओं के हक के लिए आवाज उठाएगी, क्योंकि गलत को स्पष्ट तौर पर गलत कहा जाना चाहिए।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl